समालोचनार्थ

प्रतिष्ठा प्रदीप

श्री दिगम्बर जैन प्रतिष्ठा सम्बन्धी विधि-विधान

लेखक एवं सम्पादक

नाथूलाल जैन शास्त्री

न्यायतीर्थ, साहित्यरत्न, सिद्धान्ताचार्य, जैन सिद्धान्त महोदधि,
संहितासूरि, प्रतिष्ठा दिवाकर,
प्राचार्य
सर हुकमचन्द दिगम्बर जैन संस्कृत म०
जंवरीबाग, इन्दौर

श्री वीर निर्वाण ग्रंथ प्रकाशन समिति

प्रकाशक

वीर निर्वाण ग्रंथ प्रकाशन समिति, इन्दौर
55, सीतलामाता बाजार
इन्दौर, मध्यप्रदेश
452 002

यह प्रतिष्ठा प्रदीप ग्रंथ कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ परीक्षा बोर्ड, इन्दौर की 'प्रतिष्ठा रत्न' परीक्षा के लिये स्वीकृत किया गया है। इसके पूर्व नैतिक शिक्षा १ से ७ भाग ह. से. स्कूलों की कक्षा ६ ठी से १२ वीं तक व 'जैन संस्कार विधि' प्रतिष्ठा विशारद के लिए स्वीकृत किये जा चुके हैं।

ग्रंथ प्राप्ति स्थान :
वीर निर्वाण ग्रंथ प्रकाशन समिति
५५, सीतलामाता बाजार
इन्दौर--मध्यप्रदेश
४५२००२

प्रथम संस्करण १९९०
वी. नि. सं. २५१६

मूल्य रु. ५०-००

स्व. श्री कौशलकुमार जैन, सुपुत्र श्री प्रेमचन्द जैन
७/३२, दरियागंज, नई दिल्ली, द्वारा
श्री तीर्थंकर भ. महावीर स्वामी के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव,
अहिंसा स्थल महरौली के अवसर पर भेंट।
(७ मई, १९९०)

मुद्रक
नईदुनिया प्रिन्टरी
बाबू लाभचन्द छजलानी मार्ग
इन्दौर-४५२ ००९

प्रतिष्ठा प्रदीप

प्रस्तावना

जिन बिंब प्रतिष्ठा का उद्देश्य मिथ्यात्व का नाश और अपने धन का सदुपयोग है। आचार्य जयसेन के प्रतिष्ठा पाठ का यह पद्य उल्लेखनीय है:—

"अस्मिन् महे राज्य सुभिक्ष संपदाओ हि हेतुः कथितो मुनीन्द्रैः,

जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा द्वारा राज्य में सुख, शान्ति और सुभिक्ष की प्राप्ति आचार्यों ने बताई है। इसी शुभकामना से प्रतिष्ठा की जाती है। प्रतिदिन की पूजा के शान्तिपाठ में हम यही भावना भाते हैं—"क्षेमं सर्व प्रजानाम्" समस्त प्रजाजनों का कल्याण हो। तीर्थंकर पद भी जगत्कल्याण की भावना से ही प्राप्त होता है। धातु व पाषाण की सर्वांग सुन्दर मूर्ति में मन्त्रों द्वारा गुणों का आरोपण करने पर पूज्यता का भाव उत्पन्न होता है। मूर्ति वीतरागता का आदर्श होना चाहिए। प्रतिष्ठेय मूर्ति में व्यक्ति विशेष का आकार या स्टेच्यू नहीं होता। प्रतिष्ठित मूर्ति के माध्यम से भक्तजन वीतराग विज्ञानता को प्राप्त सच्चे देव की स्तुति पूजा कर सकते हैं। हम जितनी भी प्रतिष्ठित प्रतिमाओं के दर्शन करते हैं, उनका आकार व स्वरूप सामान्य अर्हन्त सिद्ध अवस्था का पाते हैं।

मंत्रों द्वारा प्रतिष्ठा के समय उनमें तीर्थंकर विशेष या अन्य विशिष्टता की स्थापना कर देते हैं। प्रतिष्ठा पाठ में इसका उल्लेख है कि जिन तीर्थंकरों की प्रतिमा की प्रतिष्ठा की जाती है उनके माता, पिता, वंश, जन्म-नगरी, चिन्ह और पंचकल्याणक तिथियाँ आवश्यक रहती हैं। अन्यथा उनकी प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती, क्योंकि उनके नामादि के उल्लेख का मंत्र प्रतिष्ठा पाठ में विद्यमान है।

वर्तमान जैन पूजा पद्धति अत्यन्त प्राचीन है। आचार्य कुन्दकुन्द के दशभक्ति पाठ में अष्ट द्रव्य का उल्लेख है—

१. दिव्वेण ण्हाणेण	—जलाभिषेक
२. दिव्वेण गंधेण	—चन्दन
३. दिव्वेण अक्खेण	—अखण्ड अक्षत
४. दिव्वेण पुप्फेण	—पुष्प
५. दिव्वेण चुण्णेण	—मोदकादि खाद्य चूर्णेन (पतंजलिभाष्य २६-४-२३ एवं अभिकोश)
६. दिव्वेण दीवेण	—दीपक
७. दिव्वेण धूवेण	—सुगंध धूप
८. दिव्वेण वासेण	—तीर्थंकर पूजायाः माहात्म्य प्रदर्शने-पाल
	६ अभिधानराजेन्द्र कोश ११-५

पूजा स्थापना निक्षेप का उदाहरण है। जिनमन्दिर या वेदी, समवसरण व गंध कुटी का रूप है। जल पद्मद्रह, क्षीर समुद्र या महागंगा आदि का माना जाता है। केशर से मिश्रित जल में बावन चंदन का, अखण्ड चावलों में मुक्ताफल का, केशर से रंगे चावलों में* विविध पुष्पों का, सफेद गिरी खण्डों में विविध व्यंजन रूप नैवेद्य का, पीत गिरी खण्डों में रत्नदीपक का तथा बादाम व लोंग आदि में विविध फलों का संकल्प (स्थापना) कर पूजा की जाती है। जो स्थापना सत्य के अन्तर्गत मानी जाती है और अहिंसापूर्ण क्रियाकाण्ड का सूचक है।

जैन उपासना पद्धति में किसी देव को बाह्य द्रव्य चढ़ाकर—भोग लगाकर उसी अर्पित द्रव्य को देव प्रसाद मानकर स्वयं ग्रहण नहीं किया जाता, वरन् वह हमारे लिये हितकारी नहीं यह मानकर छोड़ा जाता है। उसी माध्यम से आत्मा के गुणों को ग्रहण करने की प्रेरणा प्राप्त होती है। मंत्र पूर्वक चढ़ाये गये ये द्रव्य निर्माल्य माने जाते हैं। यह संसारी प्राणी जिन वस्तुओं को भोगोपभोग के साधन मानता है उनमें हेय बुद्धि और अपने आराध्य वीतराग देव के गुणों के प्रति उपादेय बुद्धि हो सके, इन अष्ट द्रव्यों से पूजन का यही प्रयोजन है।

द्रव्यों के क्रमशः चढ़ाने का उद्देश्य आत्मा से संबद्ध अष्ट कर्मों के नाश और उनके नाश से आठ गुणों की उपलब्धि का है, जिसका प्रमाण पाठक वर्तमान पूजा में से स्वयं अपने चिंतन द्वारा ढूंढ सकेंगे। इस विषय में 'जिन पूजा/जिन मन्दिर' पुस्तिका, वीर निर्वाण ग्रन्थ प्रकाशन समिति सीतला माता बाजार, इन्दौर से प्राप्त कर सकते है।

इस वैज्ञानिक युग में हमें प्रतिमाओं और उनकी प्रतिष्ठा तथा उनके प्रतिष्ठापकों के संबंध में भी विचार करना होगा। समाज में प्रतिष्ठा कार्य एक व्यापार बन गया जो भी प्रतिष्ठित मूर्तियाँ उपलब्ध हैं, उनमें कई ऐसी हैं जो प्रतिष्ठा शास्त्रानुसार सांगोपांग नहीं है। इसका कारण हमारी उपेक्षा है। मैं सन् १९३० से प्रतिष्ठा कार्य के क्षेत्र में आया हूँ। एक वर्ष तक मैंने इसका अध्ययन किया है है। उन दिनों सर्वश्री पं. हजारीमलजी अजमेरा, उदासीन ब्र. पन्नालालजी गोधा, पं. मूरालालजी दोशी, पं. राजकुमारजी शास्त्री और पं. मुन्नालालजी काव्यतीर्थ इस प्रांत के प्रतिष्ठाचार्य थे, जिनके संपर्क में रहकर प्रतिष्ठा कराता रहा। सन् १९३५ से स्वतंत्र रूप से प्रतिष्ठायें कराईं। परन्तु इस कार्य में मेरी रुचि बिलकुल नहीं रही, न ही मैंने इसे आजीविका का साधन बनाया। सन् १९६९ से तो मैंने कई कारणों से प्रतिष्ठा कार्य बन्द कर दिया। फिर भी बार-बार परामर्श तो मुझ से लिया ही जाता रहा है। यह प्रतिष्ठा पाठ मेरे ६० वर्ष के श्रम द्वारा संकलित है। श्री पूज्य आचार्य वीरसागरजी, आचार्य कुंथुसागरजी, आचार्य सूर्यसागरजी, आचार्य विमलसागरजी एवं आचार्य विद्यानन्दजी आदि दि. जैन गुरुओं ने मेरी प्रतिष्ठा विधि में उपस्थित रहकर सूरि मंत्र एवं शुभाशीर्वाद प्रदान किया है। **कोई ऐसा एक प्रतिष्ठापाठ नहीं है जिसमें संपूर्ण विधि बताई गई हो।** अतः यह 'प्रतिष्ठा प्रदीप' नये प्रतिष्ठा विधि शिक्षणार्थियों के लिये उपयोगी हो सकेगा। भा. दि. जैन विद्वत्परिषद् के द्वितीय अधिवेशन कटनी (सन् १९४६) में एवं सागर अधिवेशन (१९४७) के अवसर पर प्रतिष्ठा और ज्योतिष संबंधी शिक्षण एवं प्रशिक्षण श्री पूज्य गणेशप्रसादजी वर्णी के समक्ष मैंने और स्व. डॉ. नेमिचन्दजी ज्योतिषाचार्य ने दिया था।

---

*. सुवर्ण रूप्योपचितानि युक्त्या संरोपितानीष्ट मनोहराणि।
सुवर्ण चांदी के उपचार करि अर युक्ति करि आरोपित केशर करि रंगे॥

(अथ. प्र. २४

समाज में सामान्य रूप में दो प्रकार के क्रियाकांड प्रचलित हैं। किन्तु पंच कल्याणक द्वारा प्रतिष्ठित प्रतिमा की पूज्यता में कहीं कोई विरोध नहीं है। एक क्रियाकांड में पंचा-मृताभिषेक, चतुर्निकाय के देवी-देवताओं की पूजा व उनकी मूर्ति स्थापना, हरित पुष्पफलों से पूजा और महिलाओं द्वारा प्रतिमाभिषेक ये चार हैं। दूसरे क्रियाकांड में उक्त चारों क्रियायें नहीं होती। प्रथम का विधि-विधान आशाधर प्रतिष्ठासारोद्धार व नेमिचन्द्र प्रतिष्ठातिलक द्वारा तथा द्वितीय का जयसेन (वसुबिन्दु) आचार्य के प्रतिष्ठा पाठ द्वारा किया जाता है। सभी प्रतिष्ठा ग्रंथों में बिम्ब प्रतिष्ठा संबंधी मुख्य-मुख्य मंत्र समान हैं। अंकन्यास, तिलकदान, अधिवासना, स्वस्त्ययन, श्रीमुखोद्घाटन, नेत्रोन्मीलन, प्राणप्रतिष्ठा, सूरिमंत्र ये बिंबप्रतिष्ठा के प्रमुख मंत्र संस्कार हैं, जो सभी प्रतिष्ठा ग्रंथों में समान हैं और महत्व भी इन्हीं का ही है। इन के सिवाय बाह्य क्रियाकांड भिन्न है। यथा यागमंडल में एक विधि द्वारा पंचपरमेष्ठी, चौबीस तीर्थंकर आदि की पूजा है, तो दूसरी विधि में चतुर्निकाय के देवी-देवताओं की पूजा है। जलयात्रा आदि में भी पूजा संबंधी विभिन्नता है। अत: जहाँ जैसी मान्यता हो, उनमें हस्तक्षेप न करते हुए सामाजिक शांति और धार्मिक सहिष्णुता बनाये रखना चाहिए। 'विद्यते न हि कश्चिदुपाय: सर्वलोक परितोषकरो य: ।' की नीति का स्मरण कर हृदय में उपगूहन और वात्सल्य को स्थान देना चाहिए।

मुझे जैन मुहूर्तों का ज्ञान संस्कृत साहित्य के प्रकांड विद्वान् श्री पं. भूरामलजी शास्त्री (परम पूज्य आचार्य विद्यासागरजी महाराज के गुरु स्व. आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज) से प्राप्त हुआ। सन् १९५३ में मोदी नगर (दिल्ली) पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में वे मेरे मार्गदर्शक थे। यह प्रतिष्ठा श्री लाला रघुवीरसिंहजी एवं उनके सुपुत्र श्री लाला प्रेमचन्दजी, कैलाशचन्दजी, शांति-स्वरूपजी, जैना वाच कंपनी द्वारा कराई गई थी।

प्रारंभिक प्रतिष्ठाओं में हम लोगों ने ब्र. शीतलप्रसादजी के 'प्रतिष्ठासार संग्रह' का उपयोग किया था। उसमें पंचकल्याणक का नाटकीय रूप हिंदी गद्य-पद्य में लिखा गया है। उसी में तीर्थंकरों के माता, पिता का आगम विरुद्ध पार्ट व माता की अष्ट द्रव्य से पूजा, राज्यसभा, इन्द्रसभा आदि दृश्य एवं गीत संवाद दिखलाये गये हैं। यह सब आज उसी के आधार पर लोकानुरंजन के लिए किया गया है। प्राय: सब काम हिंदी में गायन वादन के साथ किया जा रहा है। समाज संस्कृत मंत्र-पूजा आदि के महत्व को न जानकर इसी पर मुग्ध हो रहा है।

आचार्य जयसेन प्रतिष्ठा पाठ पृ. २३३ श्लोक ७१९ तथा पं. आशाधर प्रतिष्ठासारोद्धार ४-१८ से ३० व नेमीचन्द्र प्रतिष्ठातिलक पृ. १४७ हस्तलिखित में माता की भद्रपीठ या काष्ठ-मंजूषा (पेटी) में स्थापना कर संपूर्ण प्रदर्शन व विधि करना बताया है। उसे ही उच्च स्थान पर स्थापित कर देना चाहिए। इन्द्र और यजमान के दीक्षामंत्र जयसेन प्रतिष्ठा पाठ पृ. ६२-६३ में तथा अन्यत्र भी है। ये माता-पिता के दीक्षामंत्र नहीं हैं किन्तु सूतकपातक का दोष इन्द्रों व यजमान को न लगे, इस हेतु लिखे गये हैं। इसी प्रकार जन्म कल्याणक का जन्माभिषेक सभी प्रतिष्ठा पाठों में इन्द्रों द्वारा ही बताया है। यदि इन्द्राणियों द्वारा कराना होता तो इन्द्र-इन्द्राणी दोनों को साथ खड़ा करने का उल्लेख मिलता। अभिषेक के पश्चात् परदा लगाकर इन्द्राणी द्वारा जो क्रिया की जाती है वह पृथक ही है।

वर्तमान में संस्कृत यागमंडल आदि के स्थान पर केवल हिंदी में कराने से इसकी मंत्र रूपता का महत्व समाप्त हो गया है। प्रतिष्ठायें जबकि उत्तरायण सूर्य से (१४ जनवरी के

पश्चात्) ही कराई जाती है, कभी अधिकमास (मंगसिर पौष) में देखकर आश्चर्य होता है। शुक्र एवं गुरु अस्त में भी प्रतिष्ठायें होने लगी हैं। यह सब प्रतिष्ठाशास्त्र के मुहूर्तों का उल्लंघन समाज एवं जनता को संकट में डालने के उपाय हैं। बिना आवश्यकता प्रतिष्ठायें बोली द्वारा धन एकत्रित करने हेतु कराई जा रही हैं, जबकि तीर्थों पर जीर्णोद्धार की अत्यन्त आवश्यकता है। इधर हमारा ध्यान नहीं। आगम में विधिपूर्वक प्रतिष्ठा को मित्र के समान और विधि रहित प्रतिष्ठा को शत्रु के समान माना है।

वर्तमान में श्री ब्र. सूरजमलजी (जो श्री 108 आचार्य वीर सागरजी महाराज के सान्निध्य में सिकार १९४६ पंचकल्याणक में मेरे साथ थे) आदि अनुभवी वयोवृद्ध प्रतिष्ठाचार्य विद्यमान हैं, जिनके द्वारा प्रतिष्ठाविधि संपन्न कराई जाती है, परन्तु हमारे यहाँ भी जैन पूजा प्रतिष्ठा विधान प्रवचन आदि में निपुण विद्वानों की बहुत कमी है, जिनका तैयार होना आवश्यक है। मेरा निवेदन है कि प्रतिष्ठाचार्यों के प्रति समाज का आदरभाव बना रहे इस हेतु उन्हें शास्त्रानुकूल विधि के साथ श्रद्धा, संयम और संतोष रखकर कर्तव्य दृष्टि से प्रतिष्ठा कराते रहना चाहिए।

मैं चाहता हूँ कि प्रतिष्ठा संबंधी अधिक व्यय कम होकर 'प्रतिष्ठातिलक' के मतानुसार संक्षिप्त प्रतिष्ठा विधि का प्रचार हो, जिसे तृतीय भाग में लिखा भी है। मेरे इस प्रतिष्ठा प्रदीप को आदरणीय श्री ब्र. पं. जगन्मोहनलालजी शास्त्री एवं श्री डॉ. पन्नालालजी साहित्याचार्य ने देखकर अपनी सम्मति द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया है तथा इसकी रचना में प्रेरणा आचार्य कुन्दकुन्द द्विसहस्राब्दी महोत्सव के अवसर पर इन्दौर में अ.भा.दि. जैन विद्वत् परिषद् की कार्यकारिणी के १७ अक्टोबर १९८७ के प्रतिष्ठापाठ संबंधी प्रस्ताव द्वारा प्राप्त हुई है। प्रतिष्ठा पाठ की प्रेस (शुद्ध) कापी तैयार करके इसके संशोधन हेतु श्री अरविन्दकुमार जैन सिद्धान्तरत्न एम.ए, मैनेजर कुन्दकुन्द ज्ञान पीठ इन्दौर ने अथक परिश्रम किया है। मेरी 'जैन संस्कार विधि' एव 'नैतिक शिक्षा' सात भाग के प्रकाशन के पश्चात् प्रस्तुत प्रतिष्ठा पाठ को श्री वीर निर्वाण ग्रन्थ प्रकाशन समिति द्वारा समिति के मंत्री प्रसिद्ध समाजसेवी श्री बाबूलालजी पाटोदी तथा कोषाध्यक्ष श्री माणकचंदजी पांड्या ने प्रकाशित कराया है। प्रेस संबंधी सुविधा श्री हीरालालजी झांझरी, मैनेजर एवं एम.आर. श्रीनिवासजी सहायक मैनेजर नईदुनिया प्रेस ने प्रदान की है। मैं उक्त महानुभावों का आभार मानता हूँ और प्रबुद्ध एव अनुभवी पाठकों से, अपनी अल्पज्ञता के कारण इस रचना मे जो भी त्रुटियाँ है, उनकी क्षमा चाहता हूँ।

भूमिका

प्रस्तुत 'प्रतिष्ठा प्रदीप' ग्रंथ मूर्ति प्रतिष्ठा की विधि का प्रदर्शक एक संग्रहीत ग्रंथ है। यद्यपि दि. जैन. साहित्य में प्रतिष्ठा विधि के अनेक ग्रंथ है पर संस्कृत भाषा में निबद्ध होने और भाषा क्लिष्ट होने से सब की गति नहीं हो पाती।

दूसरे, कुछ विधियों में भी अन्तर पाया जाता है जिससे प्रतिष्ठा मे एकरूपता नहीं रहती। इन बातों पर विचार कर अखिल भारतवर्षीय दि. जैन विद्वत् परिषद ने दिनांक १७-१०-१९८७ को स्थान इन्दौर म. प्र. के अधिवेशन मे एक प्रस्ताव पारित कर आधुनिक भाषा में विधिविधान के स्पष्टीकरण के साथ प्रतिष्ठापाठ संकलित करने का प्रस्ताव किया था और यह कार्य श्री पं नाथूलालजी शास्त्री, संहिता सूरि इन्दौर को सौपा था तदनुसार पंडितजी ने उक्त संकलन कर इसे तैयार किया है।

श्री प गुलाबचन्दजी 'पुष्प' टीकमगढ़ निवासी प्रतिष्ठाचार्य के पास भी एक संकलन था, उन्होंने उसे भी व्यवस्थित किया। विचार यह हुआ कि दोनो विद्वान् परस्पर परामर्श कर इसे एकरूपता प्रदान करें। मैंने श्री गुलाबचन्दजी को प्रेरणा दी कि आप श्री पं. नाथूलालजी शास्त्री इन्दौर के पास जाकर परामर्श करें, वे इन्दौर गए और जो भी परामर्श हुआ हो, यह ग्रंथ प्रकाश मे आ रहा है।*

इस पंचमकाल मे न तो तीर्थंकर होते हैं और न केवली भगवान, पर सम्यग्दर्शन में श्रद्धा के विषयभूत देव-शास्त्र-गुरु हैं। इस काल मे न देव का सद्भाव है, न इस काल मे होगा। ग्रंथ जरूर है और ये जिनवाणी के आधार पर वीतराग आचार्यों द्वारा प्रकल्पित पाए जाते हैं, अतः जिनवाणी जीवित हैं।

यद्यपि कुछ नई रचनाएँ भी मुनियो, आचार्यों व गृहस्थ विद्वानों द्वारा गत ५-७ सौ वर्षों मे हुई है और उनमे पूर्वाचार्यों की परम्परा को ही मान्यता दी है, अतः वे भी प्रमाण की कोटि में है। हाँ, कुछ रचनाकारों ने आचार्यों के नाम से कुछ स्वेच्छा कल्पित ग्रंथ भी बनाए हैं और जनता में यह भ्रम भी फैला रहे हैं कि वे भी आचार्य प्रणीत हैं। परन्तु वे प्राचीन आचार्यों की परम्परा से मेल नही खाते

यद्यपि प्रतिमा निर्जीव है तथापि यदि अन्तस् में वीतरागता संभव नहीं, तो भी बाह्य में वीतराग मुद्रा है और अन्तस् में भी राग की स्थिति अचेतन में सहज ही नहीं है। लोक में सजीव पुरुष में भी ईश्वर की स्थापना की जाती है, जैसे रामलीला, कृष्णलीला में राम-कृष्ण की

---

* कुछ क्रियाओं में विचार भेद होने से एक रूपता नहीं हो सकी। —सं

पर जैनाचार्यों ने माना है कि जिस व्यक्ति में स्थापना की जाती है उसके न तो भीतरी ईश्वरत्व है और न बाहर वीतरागता, अतः स्थापना निक्षेप के अनुसार तदाकार जिन बिम्ब में जिनस्थापना का विधान किया गया है।

स्थापना दो प्रकार की होती है, तदाकार स्थापना अर्थात् जिसकी स्थापना जिस मूर्ति में की जाय वह उसके अनुरूप आकार हो। दूसरी स्थापना अतदाकार है–जैसे पाषाण आदि की शिला में सिन्दूर आदि लगाकर लोक में देवस्थापना कर लेते हैं। जिनागम में दोनों प्रकार की स्थापना स्वीकृत है। दैनिक पूजा में जहाँ वेदी में विराजमान जिनबिम्ब की हम पूजन करते हैं वहीं जो जिनबिम्ब अन्य तीर्थंकरों की है और पूजा अन्य तीर्थंकर की करना है या अकृत्रिम चैत्यालयों की, नन्दीश्वर द्वीप की भी करते है उनकी अतदाकार स्थापना करके करते हैं। "अत्रअवतर" इत्यादि स्थापना के मंत्र हैं। अतः अतदाकार स्थापना का निषेध तो नहीं है पर वह पंचम कालिक जिन प्रतिमा के सन्मुख ही करना चाहिए अन्यत्र नहीं, यह भी आगम में निर्देश है। यह तत्काल के लिए ही है पर तदाकार स्थापना स्थायी होती है अतः उसकी प्रतिष्ठा आवश्यक है।

इसी प्रतिष्ठा विधि के शास्त्र प्रतिष्ठाशास्त्र कहे जाते है। अप्रतिष्ठित मूर्ति तदाकार भी पूज्य नहीं है। आजकल प्लास्टिक आदि की भी तदाकार मूर्ति बनती हैं, चित्र भी तदाकार बनाए जाते हैं, वे सब अनादरणीय नहीं, पर अष्टद्रव्य से पूजा उनकी नहीं की जाती यह एक मर्यादा है।

प्रतिष्ठा पंचकल्याणक रूप में की जाती है। तीर्थंकर प्रभु के गर्भावतरण, जन्म तथा राज्याभिषेक-दीक्षा-ज्ञान-भगवान् की देशना (समवशरण रचना के साथ) मोक्ष कल्याणक आदि जो-जो विधान सौधर्म इन्द्र ने किए हैं वे सब विधियाँ समंत्र प्रतिमा पर की जाती है तब प्रतिमा प्रतिष्ठित या पूज्य मानी जाती हैं। ये सब विधियाँ इस ग्रंथ में लिखी गई हैं, अतः प्रतिष्ठा विधि के लिए यह उत्कृष्ट प्रामाणिक ग्रंथ है। यह इस सरलता के तथा विशिष्ट सूचनाओं के साथ लिखा गया है कि प्रतिष्ठाचार्य विद्वान् सहज ही विधि से परिचित हो जाएगा।

कुछ विषय विचारणीय हैं, उनकी चर्चा यहाँ कर लेना प्रासंगिक होगा।

१. मूर्ति प्रतिष्ठा विधि में मूर्ति के योग्य पाषाण का चुनाव, उसका समादर तथा निर्माण विधि, प्रतिमा का माप आदि विषय भी शास्त्रों में हैं, पर आजकल बनी-बनाई मूर्तियाँ जयपुर आदि में मिलती हैं, ऐसी व्यवस्था बन चुकी है अतः मूर्ति लेते समय इस ग्रंथ में बताए हुए सब लक्षणों का मिलान कर लेना चाहिए। उन नियमों के विरुद्ध बनी हुई प्रतिष्ठा योग्य न मानी जाएगी।

२. इन्द्र की प्रतिष्ठा पुरुष में ही होती है। वह सजीव है अतः सदाचारी व्यक्ति को ही इन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित करना चाहिए। इन्द्र-इन्द्राणी-प्रतिष्ठाचार्य–याजक आदि के लक्षण इस ग्रंथ में दिए हैं तदनुसार ही करें, रुपयों के चन्दे को आधार का प्रमुख न बनावें।

३. भगवान् के माता, पिता पुरुषों व महिलाओं में स्थापित करने की पद्धति गलत है। जैसे भगवान् की स्थापना व्यक्ति में नहीं होती तदनुसार उनका गर्भावतरण आदि क्रियाएँ भी व्यक्ति में करना उचित नहीं है, इसलिए जैसा कि ग्रंथ में लिखा गया है पेटिका में ? गर्भ-जन्म की क्रियाएँ करना चाहिए, उस प्रकरण में इसका आगम प्रमाण सहित उल्लेख है।

४. जैसे इन्द्रस्थापना व्यक्ति में होती है इसी प्रकार वायुकुमार, अग्निकुमार आदि देवों की स्थापना भी व्यक्ति में करना चाहिए।

५. चन्दे से धन इकट्ठा करके भी प्रतिष्ठा करना शास्त्र विहित नहीं है "स्वात्म संपत्ति द्रव्येण" अपनी कमाई द्रव्य से व्यक्ति को कराना चाहिए।

६. प्रतिष्ठाओं के सिवाय दैनिक पूजा में भी अभिषेक-पूजन-स्थापना-विसर्जन आदि के कार्य होते हैं, उनमें भी सुधार अपेक्षित है। अभिषेक की वस्तु जल है। जलाभिषेक या प्रक्षाल प्रतिमा का है। वे स्थापना रूप में भगवान है अतः वीतरागता के दर्शन में बाधा न आवे इसलिए जलाभिषेक करना आवश्यक है। यह जन्माभिषेक नहीं है अतः जन्माभिषेक बोलकर नहीं करना चाहिए। हाँ जन्माभिषेक पर इन्द्र ने जिस महान महोत्सव के साथ अभिषेक किया था उसका स्मरण सहज हो सकता है पर यह याद रखें कि यह पञ्चकल्याणक संपन्न अर्हंत् प्रतिमा का अभिषेक है।

स्थापना प्रति पूजा में लिखी है। शास्त्रानुसार पंचोपचारी पूजा मानी गई है—

आह्वानन-स्थापन-सन्निधिकरण पूजन और विसर्जन।

इनमें चार तो करते ही हैं। हाँ, जहाँ जिनकी पूजन करना है वहाँ अतदाकार स्थापन करना आवश्यक नहीं है, पर यदि स्थापना की है तो विसर्जन भी करना चाहिए, यही लोक पद्धति सामान्य अभ्यागत के आने और उसके विदा करने की भी है। विसर्जन के बाद अपराध क्षमापण भी है।

प्रचलित विसर्जन पाठ में "आहूता ये पुरादेवाः" यह प्रतिष्ठापाठों में कार्य हेतु देवों को बुलाया था उनका विसर्जन है। स्थापित जिनेन्द्र का नहीं। वह तो तब हो जाता है जब हम बोलते हैं 'तव पादौ मम हृदये" या हिन्दी में "तुमपद मेरे हिय में' बोला जाता है। यह जिनेन्द्र स्थापना जो हमने अतदाकार की है उसका विसर्जन है। तदाकार में अपराध क्षमापण पाठ पर्याप्त है।

पूजापाठ पुस्तकों को छापने वाले केवल शुद्ध व्यापार करने में संलग्न हैं। पहली छपी पुस्तक गलत भी हो तो, गलत ही छापने लगते हैं। इससे गलत पूजा पाठ की परंपरा चल रही है सर्वसाधारण जैन जनता तो साधारण हिन्दी पूजाओं के भी अर्थ नहीं समझ पाती, फिर संस्कृत पाठों की गलती वह कैसे जान पाएगी। यह दोष तो पुस्तक प्रकाशकों का है, उन्हें सुधार करना या विद्वानों से शुद्ध कराकर ही छापना चाहिए।

"प्रतिष्ठा प्रदीप" ग्रंथ आपके सामने है तदनुसार प्रतिष्ठाचार्य प्रतिष्ठा करावें, इसमें प्रमुख रूप से जयसेन आचार्य प्रणीत प्रतिष्ठा पाठ से संकलन कर उपयोगी प्रकाशन किया गया है।

—जगन्मोहनलाल शास्त्री, कटनी
वर्तमान स्थान कुंडलपुर, (दमोह)

इस ग्रंथ की आवश्यकता

प्रतिष्ठा प्रदीप के प्रकाशन की आवश्यकता इस हेतु है कि उपलब्ध प्रतिष्ठा ग्रन्थों में से किसी भी प्रतिष्ठा की सम्पूर्ण विधि नहीं है। यह प्रतिष्ठा प्रदीप संग्रह ग्रंथ है, इसमें आचार्य जयसेन (वसुबिन्दु) के प्रतिष्ठापाठ का अनुसरण किया गया है, किन्तु उसमें मन्दिर, वेदी, कलश, ध्वजा, जलयात्रा संबंधी सम्पूर्ण क्रियायें व मंत्र विधि एवं पूजन नहीं है उसमें पंचकल्याणक पूजायें, तीर्थंकर, अर्हत्, चैत्य, समाधि भक्तियाँ व उनका उपयोग, सिद्ध एवं आचार्यादि व चरण प्रतिष्ठा विधि, पंचकल्याणक पूजायें, मंत्र संस्कार मे कंकण बंधन, प्राण प्रतिष्ठा सूरिमंत्र आदि विशिष्ट मंत्र भी नहीं हैं। यह सब हम लोग अपनी गुरु परम्परा से संग्रहीत विधि द्वारा कराते रहते हैं, इसलिए क्रियाकाण्डों में भेद भी पाया जाता है जिनमें सुधार होना आवश्यक है।

अ.भा.दि. जैन विद्वत् परिषद् की इन्दौर कार्यकारिणी के १७ अक्टूबर १९८७ के प्रतिष्ठा पाठ संबंधी प्रस्ताव द्वारा मुझे प्रोत्साहित करने पर बिना इच्छा के भी यह कार्य सम्पन्न हो गया है।

हमारे यहाँ समाज में जो दो प्रकार की विधि प्रचलित है दोनों ही विधि-प्रतिष्ठा में मान्य है, जहाँ जो विधि अपेक्षित हो और जहाँ जिसका प्रचार हो तदनुसार की जाती है उसमें परस्पर किसी प्रकार का विरोध नहीं है और न किया जाना चाहिए।

मैंने श्री आशाधरजी, आचार्य वसुनन्दिजी एवं श्री नेमिचन्द्रजी के प्रतिष्ठा पाठो का परिचय भी प्रस्तुत ग्रंथ में दिया है। उनमें भी कलश आदि प्रतिष्ठा संबधी पूर्ण विधियाँ नही पायी जाती, इन प्रतिष्ठा ग्रंथों से भी यथोचित सहायता लेनी पड़ी है।

प्रतिष्ठा संबंधी प्रमुख मंत्र संस्कार जिसका मैंने प्रस्तावना में उल्लेख किया है सब प्रतिष्ठा ग्रंथों में समान है केवल क्रियाकाण्ड में अन्तर है, अत: परस्पर विरोध की भावना निरर्थक है। आशा है इस ग्रंथ से नये प्रतिष्ठा शिक्षण/प्रशिक्षण लेने वाले विद्वत् वर्ग को लाभ मिलेगा।

इस ग्रंथ की विशेषता यह भी है कि इसमे मण्डल विधान एवं यंत्रो के आवश्यक नक्शे भी दिये गये हैं तथा पूज्य आचार्यश्री विद्यानंदजी महाराज ने हमे प्रत्येक तीर्थंकर की प्रतिमा विराजमान करते समय उनके नीचे के पृथक-पृथक यंत्र तथा जिनाभिषेक व पूजा के अष्ट द्रव्यो की प्राचीनता के प्रमाण का दिग्दर्शन कराने की कृपा की है।

हम चाहते हैं कि इस प्रतिष्ठा प्रदीप के माध्यम से प्रतिष्ठा संबंधी विसंगतियाँ जैसे दक्षिणायन में प्रतिष्ठा मुहूर्त, आगम विरुद्ध भगवान् के माता-पिता बनाना आदि में नियन्त्रण हो सकेगा।

इस प्रतिष्ठा ग्रंथ में हमारे वरिष्ठ विद्वान् श्री पं. जगन्मोहनलालजी शास्त्री एवं डॉ. पन्नालालजी साहित्याचार्य आदि का मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ है।

वर्तमान ४-५ प्रसिद्ध प्रतिष्ठाचार्यों के अलावा कुछ ऐसे भी हैं, जो बिना प्रतिष्ठा विधि व मंत्र-संस्कार के केवल णमोकार मंत्र से प्रतिष्ठायें करा रहे हैं। वे जब मिलते हैं तब यह पूछते हैं कि हमें आप विधि, प्राण-प्रतिष्ठा व सूरिमंत्र आदि बता देवें। इस प्रतिष्ठा पाठ से ऐसे लोगों को भी लाभ होगा।

परमपूज्य श्री १०८ सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्य विद्यानन्दजी महाराज द्वारा

आशीर्वचन

मनुष्य होना पुण्यों का परिणाम है। इतने पर भी मनुष्योचित गुणों का आस्पद होना और अधिक पुण्यशालिता का सूचक है। प्राय: मनुष्य अपने को उस मार्ग पर उन्मुक्त भाव से छोड़ देते है जो सरल-सुगम होता है। और सरलपथ प्राय: ढलान जैसा होता है। उसमें उद्योग की अपेक्षा नही किंतु उसीमें पतन की गहराइयां निहित हैं। कुए में प्रवेश करते समय रस्सी को परिश्रम नही करना होता, परंतु जब वह भरी हुई गागर लेकर ऊपर उठती है तब खींचनेवाले के प्राण फूल जाते हैं। पर्वत पर आरोहण करना कितना कठिन प्रतीत होता है पर नीचे उतरने में उतना कष्ट नही होता। जो लोग सरलता के समुपासक हैं और कठिनता से पलायन करते हैं वे ऊपर कष्ट से खींचे जानेवाले जलपूर्ण कुंभ की विशिष्ट प्राप्ति के पात्र नही हो सकते।

मनुष्य की बुद्धि हीन व्यक्तियों के साथ हीन हो जाती है और समान के साथ समान रहती है। किंतु अपने से ऊंचे विशिष्ट पुरुषों के साथ रहने से विशिष्ट होती है। इस नीति से मनुष्य को उच्चतम कल्याण-मार्ग पर लगाने में परमात्म-पद प्राप्त भगवान् अर्हन्त देव ही मित्र हैं, उपासना, भक्ति करने योग्य हैं। ऊंट का अभिमान हिमालय को देखकर नष्ट हो जाता है। किंतु जबतक वह भेड़-बकरियों के यूथ में विचरता है, यह सोचता रहता है कि मेरे जितना ऊंचा और कोई नही। इस प्रकार अरिहंत देव की श्री शरण में आने से पूर्व मनुष्य मान-कषाय से फूला रहता है। परंतु मंदिर के मानस्तंभ को देखते ही उसका मान उतर जाता है। अन्यथा जिनेंद्रदेव आदि की आशातना होने से पाप कर्मों का बन्ध होता है ऐसा कहा भी है—

> **गुरौमानुष्य बुद्धिस्तु, मन्त्रेचाक्षर बुद्धिकम्।**
> **प्रतिमायां शिलाबुद्धि, कुर्वाणो नरकं व्रजेत्॥**

निर्ग्रन्थ गुरु मे सामान्य मनुष्य की बुद्धि रखनेवाला और णमोकार महामंत्र में सामान्य अक्षर समझनेवाला तथा अरहंत प्रतिमा में सामान्य पत्थर की कल्पना करनेवाला नरक बिल में जाता है।

नरेन्द्र सेनाचार्य का प्रतिष्ठादीपक—

"इस प्रतिष्ठासार दीपक में जिनमूर्ति, जिनमंदिर आदिकों के निर्माण में तिथि, नक्षत्र, योग आदिका विचार करना चाहिये ऐसा कहकर किस तिथ्यादिकों में इनकी रचना करने से रचयिताका शुभाशुभ होता है इत्यादि वर्णन किया है। यह ग्रंथ साढ़ेतीनसौ श्लोकोंका है। ग्रंथ के अंत में प्रशस्ति नहीं है। इस ग्रन्थ में स्थाप्य, स्थापक और स्थापना में से तीन विषयों का वर्णन है। पंचपरमेष्ठी तथा उनके पंचकल्याणक और जो-जो पुण्यके हेतुभूत हैं वे स्थाप्य हैं। यजमान, इन्द्र स्थापक हैं। मन्त्रों से जो विधि की जाती है उसे स्थापना कहते हैं।

तीर्थंकरों के पंचकल्याणक जहां हुए हैं ऐसे स्थान तथा अन्य पवित्रस्थान, नदीतट, पर्वत, ग्राम, नगरादिकोंके सुंदरस्थानों में जिनमंदिर निर्माण करना चाहिये।

आरंभ से हिंसा होती है, हिंसासे पाप लगता है, तो भी जिनमंदिर बांधने में किये जाने वाले आरंभ से महापुण्य प्राप्त होता है, जिन मन्दिर (धर्म) की स्थिति जिनमंदिरके बिना नहीं रहती। तथा जिनमंदिर मुक्तिप्रासाद में प्रवेश करने में सोपान के समान सहायक हैं। अत: जिनमंदिरकी रचना करनी चाहिये ऐसा हेतु आचार्यने प्रदर्शित किया है। वे कहते हैं—

'यद्यप्यारम्भतो हिंसा हिंसायाः पापसम्भव:।
तथाप्यत्र कृतारम्भो महत्पुण्यं समश्नुते ।।
निरालम्बन धर्मस्य स्थितिर्यस्मात्ततः सताम्
मुक्ति प्रासादसोपानमाप्तैरुक्तो जिनालय:।।'

"इस प्रतिष्ठा ग्रंथ की रचना देखने से आचार्य ज्योतिषशास्त्रोंमें निष्णात थे ऐसा सिद्ध होता है। अस्तु।"*

पंचकल्याणक प्रतिष्ठाविधि, समुद्रके समान गंभीर एवं अगाध है और सर्वसाधारण के लिए सूक्ष्म, अगम्य एवं गूढ़ है। जैसे समुद्र का जल स्वयं समुद्र से ग्रहण करने से खारा ही मिलता है। परंतु वही जल मेघ के द्वारा प्राप्त होता है तो मधुर (मीठा) होता है। उसी तरह मनमानी प्रतिष्ठापाठ ग्रंथों को अपने आप पढकर उसका मनमाने विधि-विधान करने पर वह खारे जल के समान ही अग्राह्य होगा। जैसे मेघ के द्वारा आनीत वही जल मधुर होता है, उसी तरह परिपक्व ज्ञानी विद्वानों से या आचार्य* परंपरा से अधीत आगम सम्मत प्रतिष्ठापाठ ही ग्राह्य एवं उपयोगी होगा।

'देवीं वाचमुपासते हि बहवः सारंतुसारस्वतं।
जानीते नितरामसौ गुरुकुलक्लिष्टो मुरारिः कविः ।।
अब्धिर्लंघित एव वानरभटैः किन्त्वस्यगम्भीरतां।
आपातालनिमग्नपीवरतनुर्जानातिमंथाचल: ।।"

पुस्तककी विद्या से अबतक अनेकों ने वाग्देवी की उपासना की है। सारस्वतसारको मात्र, गुरुकुलवास में निवास करके आक्लिष्ट हुये मुरारी कवि ही जानता है। कपिभटों ने समुद्र का लंघन तो किया लेकिन क्या उसकी गहराई को जाना ? नही जाना, उसकी गहराई को पातालतक डूबा हुआ महान् मंथाचल ही जानता है।

---

* सिद्धान्तसार ग्रंथ से

हमें इस बातका गौरव है कि भारतीय दि. जैन विद्वानों में नवोन्मेषशालिनी (प्रतिभावान्) एवं सिद्धहस्त लेखक यशस्वी प्रतिष्ठाचार्य धर्मानुरागी श्री पं.—

नाथूलाल शास्त्रीजी ने 'प्रतिष्ठा-प्रदीप' ग्रन्थ को परिश्रमपूर्वक संग्रह करके लिखा है। एतावता आज के प्रबुद्ध समाज में प्रतिष्ठा-प्रदीप ग्रन्थ गौरव गरिमा को प्राप्त होगा ऐसी हमारी भावना है।

शान्तिगिरि
कोथली-कुप्पानवाड़ी
ता. चिक्कोडी (कर्नाटक)

'आचार्यः पादमाचष्टे, पादः शिष्यः स्वमेधया।
तद् विज्ञसेवया पादः पादः कालेन पच्यते ॥—

—आचार्य वीरसेन, पु. १२ धवला पृ. १७१

आचार्य अन्तेवासी को एक पाद का अर्थ की शिक्षा देते हैं और एक पाद को शिष्य अपनी मेधा से ग्रहण करता है, एक पाद उसके जानकार पुरुषों की सेवा से प्राप्त होता है, तथा एक पाद समयानुसार परिपाक होकर प्राप्त होता है।

प्रकाशकीय

संहितासूरि पं. नाथूलालजी शास्त्री द्वारा लिखित "प्रतिष्ठा प्रदीप" एक संग्रहीत ग्रन्थ है। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न विधियों द्वारा प्रतिष्ठा संपन्न करवाई जा रही है जिससे प्रतिष्ठा में एक-रूपता नहीं रहती। यद्यपि जिनेन्द्रदेव की मूर्ति तो प्रतिष्ठित की जाती है पर उसमें अतिशय प्रकट नहीं होता इस कारण समाज का बहु भाग देवी-देवताओं की ओर आकर्षित होकर एक प्रकार से इस महान् वीतराग धर्म की आस्था पर प्रश्न चिह्न लगा रहा है।।

पंडितजी समाज के एक अनुभवी वयोवृद्ध प्रतिष्ठाचार्य हैं जिन्होंने अपने जीवन में सैकड़ों प्रतिष्ठाएँ संपन्न करवाई व विधि में कभी किसी श्रीमान्, धीमान् के आगे झुके नही।

सन् १९८७ में विद्वत् परिषद् कार्यकारिणी ने अपने इन्दौर अधिवेशन में प्रस्ताव पारित कर आधुनिक भाषा में विधि-विधान के स्पष्टीकरण के साथ प्रतिष्ठा पाठ संकलित करने की जिम्मेदारी पंडितजी को सौंपी।

पंडितजी ने प्रस्तुत ग्रन्थ को तीन भागों मे विभक्त किया है। प्रथम भाग में मंदिर निर्माण से प्रारंभ कर वेदी, ध्वजा, कलश आदि विधियों का १३७ पृष्ठों में दिग्दर्शन कराया। द्वितीय भाग पंचकल्याणक के दृश्यों व विधि तथा मंत्र संस्कार आदि ५५ पृष्ठों में पूर्ण किया। तृतीय भाग में सिद्ध प्रतिमा व अन्य प्रतिष्ठा विधि आदि तथा सहयोगी प्रतिष्ठाचार्यों के कर्त्तव्य का बोध कराया।

यही पंडितजी ने अन्य प्रतिष्ठा ग्रन्थो का भी सार ग्रहण करके व यंत्र आदि इस ग्रन्थ को पूर्ण करने का प्रयत्न किया। उससे निश्चय ही नवीन प्रतिष्ठाचार्यों को शास्त्रोक्त पद्धति से प्रतिष्ठा संपन्न करवाने का अवसर प्राप्त होगा। इस प्रतिष्ठा प्रदीप ग्रन्थ पर विद्वत्वर्य पं. जगन्मोहनलालजी शास्त्री ने भूमिका लिखकर इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला है। परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्यश्री विद्यानंदजी महाराज ने अपने शुभाशीर्वाद से इस ग्रन्थ की उपयोगिता को प्रति-पादित किया है।

अभी ५ जनवरी १९९० को इस युग के महान् संत तपोनिधि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के समक्ष तड़ा ग्राम (सागर) में समस्त मुनि संघ के समक्ष इस ग्रन्थ पर विस्तृत चर्चा हुई। आचार्यश्री ने भी प्रस्तुत ग्रन्थ के लेखक पं. नाथूलालजी शास्त्री से ग्रन्थ के विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा आचार्यश्री ने कहा कि प्रतिष्ठा शास्त्र एक अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ है जो पाषाण प्रतिमा को सातिशय बनाने की विधि दिग्दर्शित करता है। सम्पूर्ण ग्रन्थ के आलोड़न के पश्चात् पूज्य आचार्यश्री ने पंडितजी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि एक समुच्चय प्रतिष्ठा ग्रन्थ की कमी को पूरी करके आपने समाज की उत्कृष्ट सेवा की है। महाराजश्री ने यह भी कहा कि समस्त प्रतिष्ठाचार्य प्रतिष्ठा को विधि-विधान के द्वारा संपन्न करवावें तो जो आजकल हो रहा है, उससे जो विकृतियाँ आ रही हैं समाज उससे बच जावेगा।

श्री वीर निर्वाण ग्रन्थ प्रकाशन समिति अपना सौभाग्य मानती है कि उसे एक उद्भट, त्यागमूर्ति, कर्तव्यशील, चरित्रवान, संयमी विद्वान् के ग्रन्थ का प्रकाशन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं समाज एवं समस्त प्रतिष्ठाचार्यों से विनम्र अपील करता हूँ कि इस ग्रन्थ का सम्पूर्ण उपयोग करके एक-सी विधि द्वारा प्रतिष्ठा जैसे महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न करवाने में अपना योगदान देवें।

नईदुनिया प्रेस परिवार, उसके कर्मठ मैनेजर श्री हीरालालजी झांझरी व श्री श्रीनिवासजी एवं कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ के मैनेजर श्री अरविन्दकुमार जैन शास्त्री का भी मैं हृदय से आभारी हूँ कि उन्होंने कठिन परिश्रम करके इस ग्रन्थ को समय पर प्रकाशित करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

बाबूलाल पाटोदी
मंत्री
वीर निर्वाण ग्रन्थ प्रकाशन समिति, इन्दौर

श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर मंदिर एवं भ. बाहुबलि प्रतिमा

श्री गोम्मटगिरि क्षेत्र परिचय

श्री दिगम्बर जैन तीर्थ गोम्मटगिरि का निर्माण परमपूज्य राष्ट्रसन्त आचार्य मुनिश्री विद्यानन्दजी के शुभाशीर्वाद एवं समस्त भारत तथा इन्दौर की समाज के तन-मन-धन द्वारा पूर्ण सहयोग से जैनधर्म, दर्शन, साहित्य, सस्कृति तथा अहिंसक जीवन मूल्यों के प्रचार-प्रसार के प्रेरणा केन्द्र, लोक सेवा एवं आत्मोत्थान हेतु शान्तिपूर्ण जीवन-यापन की साधनास्थली के रूप में हुआ है। वीर निर्वाण सम्वत् २५०७ सन् १९८१ में यह भूखण्ड प्रसिद्ध समाजसेवी श्री बाबूलालजी पाटोदी को उनकी षष्ठिपूर्ति के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अर्जुनसिहजी द्वारा उपरोक्त ध्येय की पूर्ति हेतु दिगम्बर जैन समाज इन्दौर को प्रदान किया गया।

इस क्षेत्र के निर्माण की परिकल्पना स्व. श्री दुलीचन्दजी सेठी तथा श्री शान्तिलालजी पाटनी की थी, व उन्होंने ही परमपूज्य आचार्य मुनिश्री का शुभाशीर्वाद प्राप्त कर इस गिरि पर अपने संकल्प को मूर्तरूप देने हेतु श्री पाटोदीजी को प्रेरित किया था, जिसके परिणामस्वरूप यहाँ भ. बाहुबली की २१ फुट उन्नत मनोज्ञ प्रतिमा, उनके दोनों ओर वर्तमान चौबीस तीर्थंकरों के शिखर संयुक्त जिनालय, चारित्र चक्रवर्ती श्री १०८ आचार्य शान्तिसागरजी की स्मृति में त्यागी ज्ञानोपासना मंदिर, सरस्वती भवन, त्यागी निवास, श्री आदिनाथ जिनालय एव तलेटी में अतिथि-गृह, धर्मशाला, भोजनशाला इत्यादि के निर्माण पूर्वक विशाल रूप में फाल्गुन वदी १३, शनिवार, ८ मार्च १९८६ से फाल्गुन वदी ३ गुरुवार, १३ मार्च १९८६ तक जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव एवं महामस्तकाभिषेक सम्पन्न हुआ।

कवर पृष्ठ 'अष्ट मंगल द्रव्य'

प्रतिष्ठा-प्रदीप

अनुक्रमणिका

प्रथम भाग

द्वितीय भाग

तृतीय भाग

कृतज्ञता ज्ञापन

प्रस्तुत रचना अथवा मेरे द्वारा जो भी धार्मिक एवं सामाजिक सेवायें की गई हैं, की जा रही हैं और मैंने जो भी संस्कार व योग्यता प्राप्त की है, उन सबका श्रेय सर सरूपचंद हुकमचंद दि. जैन पारमार्थिक संस्थाएँ जंवरीबाग, इन्दौर के संस्थापक, संचालक, उच्चकोटि के प्रसिद्ध विद्वान् पूज्य सर्वश्री सिद्धांत शास्त्री पं. वंशीधरजी, पं. देवकीनंदनजी एवं पं. जीवंधरजी आदि को है, जिनके प्रोत्साहन से मैं सन् १९१९ से अभी तक संस्थाओं से संबद्ध हूँ।

—लेखक

प्रतिष्ठा प्रदीप

प्रथम भाग

श्रीवृषभादिवर्द्धमानान्त चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यो नमः

प्रतिष्ठा प्रदीप

प्रथम भाग

मन्दिर निर्माण

गृहस्थ जीवन में देवपूजा, गुरूपास्ति, स्वाध्याय, संयम, तप और दान ये षट्कर्म प्रतिदिन आवश्यक माने गये हैं। मोक्षमार्ग रूप रत्नत्रय में सम्यग्दर्शन का निमित्त देवपूजा, सम्यग्ज्ञान का जिनागम और सम्यक्चारित्र का निर्ग्रन्थ गुरु हैं। वर्तमान काल में परमात्मा की पूजा, भक्ति और उपासना ही श्रेयस्कर है। अर्हन्त परमात्मा सदा और सर्वत्र विद्यमान नहीं रहते इस कारण उनके स्मरणार्थ और भक्तिभाव प्रकट करने के लिये उनकी प्रतिमा बनाई जाती है। अपने को पवित्र बनाने और श्रद्धा के भाव जाग्रत करने का साधन वीतराग मूर्ति है, जिसे हम विधि पूर्वक मन्दिर में विराजमान करते हैं।

अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, जिन मन्दिर, जिनधर्म, जिनागम और जिन प्रतिमा ये नव देवता हैं, जिनकी प्रत्येक गृहस्थ प्रतिदिन पूजा करता है। इन सबका आधार जिन मन्दिर है। अतः उसके निर्माण का स्थान और मुहूर्त निम्न प्रकार है:—

मन्दिर का स्थान सुन्दर, शुद्ध, जलाशययुक्त, नगर समीप, सर्पादिक बिल व श्मशान रहित तथा उपजाऊ भूमिवाला होना चाहिए। जहाँ भूकम्प, विधर्मी और लुटेरों का भय न हो। ऐसे स्थान पर भक्तजन लाभ उठा सकें, उनकी प्रबल अभिलाषा जानकर जिनायतन या चैत्यालय का निर्माण कराया जावे। मन्दिर का द्वार मुख्यरूप से पूर्व या उत्तर दिशा में रहे। जिन प्रतिमा का मुख भी पूर्व या उत्तर में रहे। जिस वेदी या चबूतरे पर प्रतिमा विराजमान की जावे, वह ढाई फुट ऊँचा हो उसके ऊपर कमल या कटनी उतनी ऊँची रखी जावे कि द्वार में प्रतिमा की दृष्टि प्रतिष्ठा-शास्त्रानुसार रह सके।

वसुनन्दि प्रतिष्ठासार के अनुसार—

द्वार के ९ भाग करके उसके ७ वें भाग के भी ९ भाग करें। उसके ७ वें भाग में प्रतिमा की दृष्टि रखी जावे। वह गज आय कहलाती है। अन्य मतानुसार—

द्वार के ६४ भाग करके ५५ वें भाग में प्रतिमा की दृष्टि रखी जावे।

खनन कार्य

मन्दिर मार्गशीर्ष (अगहन), पौष, माघ, फाल्गुन, वैशाख और ज्येष्ठ महीनों के शुभ दिनों में प्रारम्भ करना चाहिए । नींव मूल आश्लेषा, विशाखा, कृत्तिका, पूर्वाभाद्रपद, पूर्वाषाढ़ा, पूर्वाफाल्गुनी, भरणी, मघा इन अधोमुख नक्षत्रों में खोदें ।

मिती ४, ९, १४, ३०, १५ को नहीं खोदें । मंगलवार और शनिवार को भी छोड़ दें । ज्योतिष की दृष्टि से सूर्य १२, १, २, राशि पर हो तो आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) दिशा में, ९, १०, ११ वीं राशि पर हो तो नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम) दिशा में, ६, ७, ८ वीं राशि पर हो तो वायव्य (पश्चिम-उत्तर) दिशा में और ३, ४, ५ राशि पर सूर्य हो तो ईशान (उत्तर-पूर्व) दिशा में नींव खोदना चाहिए ।

खात मुहूर्त की सामग्री व विधि

श्रीफल-२, लच्छा, खैर की खूंटी-१२ अंगुल लम्बी ४, गेंती-१, फावड़ा-१, कुंकुम-३०० ग्राम, पिसी हल्दी-३०० ग्राम, पाटे-४, चौकी-१, छोटा सिंहासन-१, विनायक यंत्र-१, आसन-५, पूजा द्रव्य १ किलो, धूपदान-१, जल के लोटे-२, लाल चोल-१ गज, सरसों-१०० ग्राम, दीपक-४, रुई, माचिस-१, सुपारी-११, हल्दी गाँठ-११ ।

जिस दिशा में मुहूर्त करना हो, उस कोने पर भीतर की दो हाथ लंबी-चौड़ी भूमि साफकर कुंकुम व हल्दी से रेखा खींच देवें । उसके चारों दिशा में चार खूंटी गाड़ देवें, वहाँ ४ दीपक रखकर चारों ओर लच्छा बाँध देवें । उसके भी भीतर एक हाथ लंबी चौड़ी भूमि कुंकुम से मापकर बीच में स्वस्तिक माँड देवें । पूर्व या उत्तर दिशा मे से किसी एक में पूजा करने वाले बैठें और दूसरी में यंत्र विराजमान कर देवें । सर्वप्रथम मंगलाष्टक, जल कलश स्थापन, संकल्प, नवदेवपूजा, यंत्रपूजा, निर्वाण भक्ति पाठ, णमोकार मंत्र की एक माला जप करके खड़े होकर—

ॐ ह्रीं भूः शुद्ध्यतु स्वाहा"

यह मंत्र ९ बार पढ़कर जल से भूमि शुद्ध करें और प्रत्येक व्यक्ति ५-५ बार स्वस्तिक के वहाँ गेंती मारकर और फावड़ा से मिट्टी निकालें । लगभग एक फुट गहरा गड्ढा खोदें । पुण्याहवाचन, शान्तिपाठ, विसर्जन द्वारा कार्य संपूर्ण कर गुड़, धनिया या पेड़े बंटवा देवें ।

शिलान्यास

सूर्य न बदला हो तो जिस दिशा में खात हुआ हो वहीं नींव भरी जाती

है । विस्तार से करना हो तो चारों दिशाओं व वेदी जहाँ रखना हो वहाँ बीच में भी नींव भरी जाती है ।

आर्द्रा, पुष्य, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपद, रोहिणी इन ऊर्ध्व मुख नक्षत्रों में नींव भरना चाहिए । शेष वार व मास पूर्ववत् हैं । इसकी सामग्री में पूर्व सामग्री के सिवाय—

सीम्नि प्रखाते प्रथमं शुभेऽह्नि घृतोद्भवं दीपमुपांशु मंत्रैः ।
संयोज्य ताम्रे कलशे पिधाय, न्यसेत् सयंत्रं कनकं तदूर्ध्वाम् ॥

(जयसेन प्रतिष्ठा पाठ पृष्ठ ३२)

एक तांबे का छोटा लोटा चौड़े मुंह का, जिसमें दीपक प्रज्ज्वलित कर भीतर रखा जा सके और उसके चारों ओर छेद करा दिये जावें, नीचे खड्डे में एक बिलस्त लम्बी-चौड़ी, शिला स्थापित कर उस पर स्वस्तिक व वहीं एक विनायक यंत्र, जिसमें मन्दिर की प्रशस्ति (नाम, तिथि, संवत् आदि) खुदवाकर रख देवें । उक्त लोटे में दीपक प्रज्ज्वलित कर उसे स्थापित कर उस पर एक दूसरी वैसी शिला रख देवें । वहीं पारद, सरसों, सुपारी, हल्दीगांठ आदि मांगलिक द्रव्य क्षेप-कर चारों ओर से ईंटें और सीमेंट, करनी से चुनवा देवें । इस विधि के पहले खात मुहूर्त के माफिक पूजा कर लेवें । पीछे पुण्याहवाचन, शान्तिपाठ, विसर्जन कर लेवें ।

नोट:—यह शिलान्यास और खात मुहूर्त एक साथ भी हो सकते हैं । दो घंटा पूर्व सामान्य खात कराकर पीछे शिलान्यास में पूजा आदि पूरी विधि कर देवें । चर लग्न में नींव खोदें और स्थिर लग्न में भरें । शिलान्यास में प्रशस्ति लिखकर एक बड़ा पाषाण कुछ ऊँचाई पर लगाकर बाहर भी किसी विशिष्ट व्यक्ति द्वारा अनावरण कराया जाता है । यदि खात मुहूर्त के बहुत समय बाद शिलान्यास करना हो तो सूर्य देखकर शिलान्यास करना होगा, जिसमें खात वाली दिशा में परिवर्तन भी संभव है ।

जिनालय निर्माण में गुरुवार को मृगशिरा, अनुराधा, आश्लेषा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तरात्रय, रोहिणी, पुष्य नक्षत्र तथा शुक्रवार को चित्रा, धनिष्ठा, विशाखा, अश्विनी, आर्द्रा, शतभिषा और बुधवार को अश्विनी, उत्तरात्रय, हस्त, रोहिणी ये नक्षत्र शुभ हैं ।

(जयसेन प्रतिष्ठा पाठ, पृष्ठ ३६)

चैत्यालय

शब्दकोश एवं आगम के अनुसार मन्दिर और चैत्यालय पर्यायवाची शब्द हैं, परन्तु व्यवहार में जहाँ बड़ी प्रतिमा शिखर व कलश हों वह मन्दिर माना जाता

है और उससे विपरीत जिसका रूप लघु हो वह चैत्यालय कहा जाता है। गृह के भीतर चैत्यालय में एक से ११ अंगुल तक की सर्वधातु प्रतिमा विराजमान की जाती है। ३, ५, ७, ९ और ११ अंगुल की प्रतिमा शुभ मानी जाती है।

एकादशांगुलं बिंबं सर्वं कार्यार्थ साधकम्।
एतत्प्रमाणमाख्यातमत उर्ध्वं न कारयेत्॥

(प्रतिष्ठा सारोद्धार, पृष्ठ ९)

वर्तमान में गृहस्थों के घरों में ही शौचालय, लघुशंका स्थान एवं स्नानगृह होते हैं। प्रायः शुद्ध एवं पवित्र स्थान का अभाव होने से गृह चैत्यालय रखना लाभप्रद नहीं है। जिनके मकान बड़े और निवास स्थान से पृथक् चैत्यालय निर्माण की सुविधा है, वहाँ उक्त प्रमाण से बड़ी प्रतिमा भी स्थापित कर सकते हैं। चैत्यालय से घर के बच्चों और वृद्ध व्यक्तियों को जिनदर्शन का लाभ मिलता है। परन्तु जो चैत्यालय के भार को उठाने में समर्थ हों और निर्व्यसनी हों, उन्हें ही यह जिम्मेदारी लेना चाहिए। आजकल चोरी की घटनायें अधिक होने से चैत्यालय व मन्दिर में सुवर्ण व रजत की मूर्ति या यंत्र आदि सामान एकत्रित करना उचित नहीं है। मन्दिर व मानस्तम्भ प्रतिष्ठा हेतु उनकी संस्कृत पूजा भी है। उनका अभिषेक सामने बड़ा दर्पण रखकर उसमें उनके प्रतिबिम्ब का किया जावे तथा ८१ कलशों से उनके मंत्र बोलकर शुद्धि करें।

प्रतिमा निर्माण

जहाँ प्रतिमा निर्माण हेतु पाषाण पसन्द किया हो, वहाँ विनायक यंत्र की पूजाकर पाषाण को—"ॐ ह्रीं अर्हं असिआउसा जिन प्रतिमा निर्माणार्थं शुद्ध जलेन पाषाण शुद्धि करोमि" इस मंत्र से ९ बार शुद्धि करे। वहाँ णमोकार मंत्र की, १०८ लवंग पाषाण पर रखते हुए एक माला जप लेवे। वहीं स्वस्तिक कर देवें।

प्रतिमा तैयार मिले तो निम्न प्रकार प्रमाण से उसकी जाँच करा लेवे—

पद्य

संस्थान सुन्दर मनोहर रूप मूर्ध्वप्रालंबितं ह्यवसनं कमलासनं च।
नान्यासनेन परिकल्पित मीशबिंब महाँविधौ प्रथितमार्यमसि अपर्शैः॥

वृद्धत्व बाल्यरहितांग मुपेत शान्ति श्री वृक्ष भूषितमुखं नख केश हीनम्।
सद्धातु चित्र वृषदां समसूत्र भागं वैराग्य भूषित गुणं तपसि प्रसक्तम्॥

(जयसेन प्रतिष्ठा पाठ पृ. ३८)

सांगोपांग, सुन्दर, मनोहर, कायोत्सर्ग अथवा पद्मासन, दिगम्बर, युवावस्था, शान्तिभावयुक्त, हृदय पर श्रीवृक्ष चिह्न सहित, नख-केशहीन, पाषाण या अन्य धातु द्वारा रचित, समचतुरस्रसंस्थान एवं वैराग्यमय प्रतिमा पूज्य होती है।

उक्त लक्षणों में अर्हन्त प्रतिमा के अष्ट प्रातिहार्य और तीर्थंकर का चिह्न होना चाहिए। सिद्ध प्रतिमा कराना हो तो अर्हन्त प्रतिमा के समान ही सांगोपांग होना चाहिए। केवल प्रातिहार्य और चिह्न न होकर उसके नीचे सिद्ध प्रतिमा खुदवा देना चाहिए।

सिद्धेश्वराणां प्रतिमापि योज्या। तत्प्रातिहार्यादि विना तथैव॥

(जयसेन प्रतिष्ठा पाठ ६८१)

प्रतिमा नासाग्र दृष्टि और क्रूरतादि १२ दोष (रौद्र, कृशांग, संक्षिप्तांग, चिपिटनासा, विरूपक नेत्र, हीनमुख, महोदर, महाहृदय, महाअंस, महाकटी, हीन-जंघा, शुष्क जंघा) दोष रहित होवे।

(आशाधर प्रतिष्ठा पाठ पृ. ७)

प्रतिमा निर्माण कराने हेतु उत्तरालय, पुष्य, रोहिणी, श्रवण, चित्रा, धनिष्ठा, आर्द्रानक्षत्र और सोम, गुरु, शुक्रवार तथा जिन तीर्थंकर की प्रतिमा निर्माण कराना हो उनके गर्भकल्याणक का दिन शुभ है। कारीगर मद्यमांसादि का त्यागी और शिल्पज्ञ होवे।

खड्गासन

पद्मासन

कायोत्सर्ग प्रतिमा

		९ ताल (वसुनंदि)	१० ताल*
१२ अंगुल विस्तार	मुख	१२ अंगुल	१३।। अंगुल
और लम्बाई में	ग्रीवा	४ ,,	४ ,,
केशांत भाग तक	ग्रीवा से हृदय तक	१२ ,,	१३।। ,,
	हृदय से नाभि तक	१२ ,,	१३।। ,,
	नाभि से लिंग तक	१२ ,,	१३।। ,,
खड्गासन में दोनों	लिंग से गोडा (घुटना) तक,	२४ ,,	२७ ,,
पैरों का अंतर	गोडा	४ ,,	४ ,,
४ अंगल रखें	गोडा (घुटना) से गुल्फ तक	२४ ,,	२७ ,,
	गुल्फ (टिकूण्या)	४ ,,	४ ,,
	पैर की गांठ से पैर के तले तक		
		१०८	१२०

नोट:—बारह अंगुल का एक ताल, मुख या वितस्ति होता है। अंगुल को भाग भी कहते हैं।

पद्मासन प्रतिमा

इसका मान ५४ अंगुल होता है। बैठी प्रतिमा के दोनों घुटने तक सूत्र का मान, दाहिने घुटने से बांयें कंधे तक और बांये घुटने से दाहिने कंधे तक इन दोनों तिरछे सूतों का मान तथा सीधे में नीचे से ऊपर केशांत भाग तक लम्बे सूत्र का माम ये चारों भाग समान होना चाहिए।

१३।।+१३।।+१३।।+१३।।=५४

दोनों हाथ की अंगुली के और पेडू के अन्तर ४ भाग रखें। कोहनी के पास २ भाग का उदर से अन्तर और पोंची से कोहनी तक शोभानुसार हानिरूप रखें। नाभि से लिंग ८ भाग नीचा, ५ भाग लंबा बनावें तथा लिंग के मुख के

---

* दसताल माण लक्खण भरिया

(त्रिलोकसार गा. ९८६)

भवबीजांकुर मथना अष्ट महाप्रातिहार्य विभवसमेता: ।
ते देवा दश ताला शेषा देवा भवन्ति नव ताला: ।।

(यशस्तिलक उत्त. पृ. ११२)

यही जिन संहिता में भी लिखा है।

नोट:—वर्तमान में जयपुर में १० ताल की प्रतिमा बनाई जाती है।

नीचे से अभिषेक के जल का निकास दोनों पैरों के नीचे से चरण चौकी के ऊपर करें ।

तीर्थंकर चिन्ह

जम्मण काले जस्सदु दाहिण पायम्मि होइ जो चिह्नं ।
तं लक्खण पाउत्तं आगम सुत्ते सु जिण देहम् ।।

"तीर्थंकर के दाहिने पैर मे जो चिह्न जन्म से है, उसे जन्मकल्याणक के समय इन्द्र देखकर बताता है ।" वही चिह्न तीर्थंकर प्रतिमा मे होता है ।

१.	ऋषभनाथ	—वृषभ
२.	अजितनाथ	—गज
३.	संभवनाथ	—अश्व
४.	अभिनंदननाथ	—वानर
५.	सुमतिनाथ	—कोक (चकवा)
६.	पदमप्रभ	—रक्तकमल
७.	सुपार्श्वनाथ	—स्वस्तिक
८.	चन्द्रप्रभ	—चन्द्र
९.	पुष्पदंत	—मगर
१०.	शीतलनाथ	—कल्पवृक्ष
११.	श्रेयासनाथ	—गैंडा
१२.	वासुपूज्य	—महिष
१३.	विमलनाथ	—शूकर
१४.	अनन्तनाथ	—सेही
१५.	धर्मनाथ	—वज्र
१६.	शान्तिनाथ	—मृग
१७.	कुन्थुनाथ	—अज (बकरा)
१८.	अरनाथ	—मीन
१९.	मल्लिनाथ	—कलश
२०.	मुनिसुव्रतनाथ	—कच्छप
२१.	नमिनाथ	—नीलकमल
२२.	नेमिनाथ	—शंख
२३.	पार्श्वनाथ	—नाग
२४.	महावीर	—सिंह

तीर्थंकर शरीर वर्ण

चन्द्रप्रभ एवं पुष्पदन्त, ,	— श्वेतवर्ण
पद्मप्रभ एवं वासुपूज्य	— रक्तवर्ण
सुपार्श्वनाथ एवं पार्श्वनाथ	— हरितवर्ण
मुनिसुव्रत व नेमिनाथ	— नीलवर्ण या श्याम
शेष १६ तीर्थंकरों का	— पीतवर्ण

अष्ट प्रातिहार्य

अशोक वृक्ष (तीर्थंकरों के ज्ञानकल्याणक वृक्ष), पुष्पवृष्टि, दुन्दुभि, सिंहासन, छत्र, चमर, दिव्यध्वनि, भामण्डल ।

। ऋषभनाथ की प्रतिमा में शिर पर केश, सुपार्श्वनाथ प्रतिमा पर ५ फण, पार्श्वनाथ प्रतिमा पर सप्त या अधिक सर्प फण, बाहुबलि प्रतिमा पर बेल परम्परानुसार निर्माण होती है। मोक्ष को प्राप्त हुए आचार्यों, उपाध्यायों एवं मुनिराजों के स्टेच्यु व मूर्ति नहीं बनाकर उनकी पिच्छी-कमण्डल सहित पादुका द्वय या मोक्षगामी तीर्थंकरों व मुनियों के चरण चिह्न बनाये जाते हैं। एक साथ पंच बालयति, सप्तर्षि, चौबीस तीर्थंकर, नवदेवता, पंचपरमेष्ठी प्रतिमा भी बनती है और पाई जाती हैं।

प्रतिमा पाषाण के दोष

बेलवृक्ष की छाल निर्मल कांजी के साथ पीसकर पाषाण पर लेप करने से उसके दाग दृष्टिगोचर हो जाते है। उस दाग से पाषाण के भीतर कोई जीव या जल का ज्ञान हो जाता है। ऐसी पाषाण प्रतिमा हानिकारक होती है। पाषाण मे मूल वस्तु के रंग से भिन्न वर्ण की रेखा हो तो उसे सदोष मानना चाहिए। नीले आदि रंग की रेखावाला पाषाण प्रतिमा के लिये त्याज्य है। मृत्तिका कण, काष्ठ, कांसी, सीसा, कलई, विलेपन की प्रतिमा पूज्य नहीं है (न मृत्तिका काष्ठ विलेपनादि, जातं जिनेन्द्रैः प्रतिपूज्यमुक्तम् ।)

(वा.सा.)

नासामुखे तथा नेत्रे हृदये नाभि मण्डले ।
स्थानेषु च गतांगेषु प्रतिमा नैव पूजयेत् ॥
जीर्णं चातिशयोपेतं तद्बिम्बमपि पूजयेत् ।
शिरोहीनं न-पूज्यं-स्यात्-निक्षिपेत्तन्नदादिषु ॥

(उ. श्रा.)

प्रतिष्ठा के बाद जिस मूर्ति का संस्कार या जीर्णोद्धार करना पड़े, दुष्ट का स्पर्श हो जाये, परीक्षा करनी पड़े या चोर चोरी कर ले जाये, ऐसी मूर्ति की प्रतिष्टा (लघु) करानी चाहिए ।

प्रतिष्ठिते पुनर्बिम्बे संस्कारः स्यान्न कर्हिचित् ।
संस्कृते च कृते कार्या प्रतिष्ठा तादृशी पुनः ।
संस्कृते तुलिते चैव दुष्ट स्पृष्टे परीक्षिते ।
हृते बिंबे च लिंगे च प्रतिष्ठा पुनरेवहि ॥

(आ. दि.)

प्रतिष्ठित प्रतिमा के टांकी नहीं लगती उसकी प्रशस्ति भी मिटाई नहीं जाती। (पीयूष. श्रा.)

नोट:—समवायांग, स्थानांग, आवश्यक निर्युक्ति इन प्राचीन श्वे. आगमों में ५ बालयति (ब्रह्मचारी) तीर्थंकरों में महावीरजी का उल्लेख मिलता है।

प्रतिमा दोष से हानि

प्रतिमा के नख, अंगुली, बाहु, नासिका व चरण में से कोई अंग खण्डित हो तो क्रमशः शत्रुभय, देशविनाश, बंधन, कुलनाश, द्रव्यक्षय होता है।

छत्र, श्रीवत्स, कर्ण खण्डित हो तो क्रमशः लक्ष्मी, सुख, बंधु का क्षय हो।

टेढ़ी नाक, छोटे अवयव, खराब नेत्र, छोटा मुख हो तो क्रमशः दुःख, क्षय, नेत्र विनाश, भोग हानि। ऊर्ध्वमुख, टेढ़ी गर्दन, अधोमुख, ऊँच-नीच मुख हो तो धननाश, स्वदेश नाश, चिंता, विदेश गमन हो।

अन्याय से धनार्जन द्वारा निर्मापित प्रतिमा दुष्काल करे। इसलिये प्रतिष्ठा के पूर्व भलीभाँति प्रतिमा की परीक्षा कर लेना चाहिए।

(वा.सा.–आ.प्र.)

वेदी निर्माण

मन्दिर मे पूर्व या उत्तर दिशा मे जिसका मुख हो ऐसा ढाई फुट ऊँचा चबूतरा और उसके ऊपर प्रतिमा बड़ी एक या अधिक हो तो उस माफिक लंबाई चौड़ाई रखते हुए तीन कटनी निर्माण करावे। उक्त प्रथम ढाई फुट ऊँचाई पर कमल व उस पर बड़ी एक प्रतिमा विराजमान करने योग्य स्थान बनवाया जा सकता है। पीछे भामण्डल व छत्रत्रय पाषाण के होना चाहिए जिससे चोरी की आशंका न रहे। आजू-बाजू अभिषेक हेतु खड़े होने की जगह रहे। ऐसी प्रतिमा बड़े हाल मे शोभा देती है जिसके दूर से भी दर्शन होते हैं। बीच की मूलनायक प्रतिमा जिस वेदी में विराजमान की जावे उसके सामने के दरवाजे की ऊँचाई निम्न प्रकार देखकर रखें—

विभज्य नवधा द्वारं तत्षड्भागानधस्त्यजेत्।
ऊर्ध्वद्वौ सप्तमं तद्वत् विभज्य स्थापयेद् दृशाम्॥

दरवाजे का नवभाग करके उसके नीचे (वसुनंदि प्रतिष्ठा पाठ) छह भाग और ऊपर के दो भाग छोड़कर सातवें भाग में तथा इस सातवें भाग के नवभाग करके इसके भी सातवें भाग में उस प्रतिमा की दृष्टि रहे, जिसे वेदी में विराजमान करना है। इस नियमानुसार वेदी व उस पर की कटनी या कमल की ऊँचाई का ज्ञान हो जाता है।

वेदी के पीछे की दीवार से प्रतिमा को दूर विराजमान करें तथा पीछे कोई द्वार व उजालदान नहीं बनवायें । परिक्रमा अवश्य रखी जावे । दीवार में आला बनवाकर उसमें प्रतिमा विराजमान करना शुभ नहीं है ।

मानस्तम्भ और शिखर

मन्दिर के सामने पूर्व या उत्तर दिशा में मन्दिर की ऊँचाई से सवाया या डेढ़ा ऊँचा मानस्तम्भ निर्माण करावें । उसमें ऊँचे भाग में व नीचे भाग की तीसरी कटनी में चारों दिशाओं में चार-चार प्रतिमा, समान ऊँची व एक नामवाली विराजमान करें । शिखर भी गुंबज रूप में नहीं, लम्बा व ऊँचा मन्दिर की ऊँचाई से सवाया या डेढ़ा निर्माण करावें ।

तीर्थंकर प्रतिमा राशि

चौबीस तीर्थंकरों की राशि क्रमशः धन, वृष, मिथुन, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ, मीन, मीन, कर्क, मेष, वृष, मीन, मेष, मकर, मेष, कन्या, तुला, कन्या होने से प्रतिमा विराजमान करने वाले अपनी राशि के अनुकूल प्रतिमा का नाम चाहते हैं, उनका समाधान किया जा सकता है । मुहूर्त भी प्रतिष्ठापक या प्रतिष्ठाचार्य के नाम से निकलवाने हेतु उक्त राशि का उपयोग किया जा सकता है ।

अष्ट मंगल द्रव्य

भृंगार (झारी), कलश, दर्पण, ध्वजा, चमर, छत्र, पंखा, सुप्रतिष्ठ (ठोणा) ।

विदेह के तीर्थंकर

क्र.	तीर्थंकर नाम	चिह्न	पितृ नाम	मातृ नाम	निवास	मेरु से संबंधित
१.	सीमंधर	वृषभ	श्रेयांस	सत्या	पुंडरीकपुर	सुदर्शन-सीता नदी के उत्तर
२.	युग्मन्धर	गज	दृढ़राज	सुतारा	विजयवती	,, ,, दक्षिण
३.	बाहु	मृग	सुग्रीव	विजया	सुसीमा	,, सीतोदा ,, दक्षिण
४.	सुबाहु	कपि	निशिढिल	सुनंदा	अयोध्या	,, ,, ,, उत्तर
५.	संजातक	रवि	देवसेन	देवसेना	अलका	विजय सीता उत्तर
६.	स्वयंप्रभ	चन्द्र	मित्रभूम	सुमंगला	विजय नगर	,, ,, दक्षिण
७.	ऋषभानन	सिंह	कीर्तिराज	वीरसेना	सुसीमा	,, सीतोदा दक्षिण
८.	अनंतवीर्य	गज	मेघराज	मंगला	अयोध्या	,, ,, उत्तर

क्र.		चिह्न	पितृनाम	मातृनाम	निवास	मेरु से संबंधित
९.	सूरिप्रभ	रवि	नागराज	भद्रा	विजयपुरी	अचल सीता उत्तर
१०.	विशालप्रभ	चन्द्र	विजयघाति	विजया	पुंडरीकपुर	,, ,, दक्षिण
११.	वज्रधर	शंख	पद्मगर्भ	सरस्वती	सुसीमा	,, सीतोदा दक्षिण
१२.	चन्द्रानन	वृषभ	वाल्मीकि	पद्मावती	पुंडरीकिणी	,, ,, उत्तर
१३.	चन्द्रबाहु	पद्म	देवनंदि	रेणुका	विनीता	मंदर-सीता उत्तर
१४.	भुजंगम	चन्द्र	महाबल	महिमा	विजया	,, ,, दक्षिण
१५.	ईश्वर	रवि	गलसेन	ज्वाला	सुसीमा	,, सीतोदा दक्षिण
१६.	नेमिप्रभ	वृषभ	वीरसेण	सेना	अयोध्या	,, ,, उत्तर
१७.	वीरसेन	ऐरावत	पृथ्वीपाल	सूर्या	पुंडरीकिणी	विद्युन्माली सीता उत्तर
१८.	महाभद्र	चन्द्र	देवराज	उमादेवी	विजयनगर	,, ,, दक्षिण
१९.	देवयश (यशोधर)	स्वस्तिक	अवभूत	गंगा	सुसीमा	,, सीतोदा दक्षिण
२०.	अजितवीर्य	पद्म	सुबोध	कनका	अयोध्या	,, ,, उत्तर

नोट—उक्त विधि में बिंब प्रतिष्ठा संबधी खास-खास विधि व मंत्र संस्कार सभी हैं। जलयात्रा, इन्द्रों की शोभायात्रा, पांडुकशिला, वनगमन, रथयात्रा, हाथी के जुलूस, झूला, राजसभा, आहारदान बाहरी कार्य हैं तथा आमंत्रण पत्रिका छपाकर यात्रियों को बुलाना, उनके ठहरने का प्रबंध, स्वयंसेवक, भोजन का चौका चलाना, विशेष बाजों का बुलाना आदि छोड़ देने से संक्षिप्त विधि हो जाती है। प्रतिष्ठा कार्यक्रम को स्थानीय मंदिरों पर लगाया जा सकता है। ऐसा आयोजन इन्दौर में सफल हो चुका है।

बाहुबली स्वामी की भी स्वतंत्र प्रतिष्ठा की जा सकती है। 'प्रतिष्ठा तिलक' व आशा. प्र. ग्रंथों में मध्यम और संक्षिप्त प्रतिष्ठा विधि का उल्लेख है। दक्षिण में तो ऐसी प्रतिष्ठा होती रहती है। यह ८-९ दिन का कार्यक्रम ३-४ दिन में संपन्न हो जाता है।

विश्वमैत्री का प्रतीक 'ओम्' या 'ॐ'

ओंकारं बिन्दु संयुक्तं, नित्यं ध्यायन्ति योगिनः।
कामदं मोक्षदं चैव, ओंकाराय नमो नमः ॥

'ओं' यह अक्षर ब्रह्म है। इसके स्मरण से परमात्मा की उपासना होती है। यह अक्षर याने अविनाशी ब्रह्म का प्रतीक है, जिसकी महिमा सभी शास्त्रों में बताई गई है। उक्त मंगलाचरण रूप पद्य में 'ओं' में उसकी अनंत शक्ति का द्योतक बिन्दु अनुस्वार से है। इस बिन्दु से श्रीं क्लीं, ह्रीं आदि समस्त बीजमंत्र सार्थक बनते हैं और उनमें सजीवता आती है। यह अभ्युदय और मुक्ति दोनों ही को प्रदान करने वाला है। इसलिये सभी ऋषि, मुनि, योगी एवं गृहस्थ इसका निरन्तर ध्यान करते हैं।

'ओम्' में अ+उ+म् ये तीन अक्षर हैं। संस्कृत व्याकरण से अ और उ का 'ओ' हो जाता है और 'म्' का विकल्प रूप से अनुस्वार होकर 'ओं' बनता है। उक्त तीनों अक्षरों में क्रमशः अज (ब्रह्मा), उमेश (विष्णु) और महेश ये तीनों सृष्टि, स्थिति और प्रलय के प्रतीक हैं, जो इसी ओं रूप परमात्मा में समाविष्ट हैं। ओं के यही अक्षर क्रम से अव्यय, उत्पाद और मध्य द्वारा व्यय, उत्पाद एवं ध्रौव्य से अनित्यनित्यात्मक पर्याय द्रव्य गुण के लक्षण सिद्ध होते हैं।

विश्व रचना में लोक के अधो, ऊर्ध्वा एवं मध्य ये तीन भेद इसी ओम् के अन्तर्गत हैं। क्योंकि ओम् मुक्ति (परमात्माशा) रूप हैं, अतः उसका मार्ग, अवलोकन (सम्यग्दर्शन), उद्योतन (सम्यग्ज्ञान) और मौन (सम्यक्चारित्र) ये रत्नत्रय मिलकर माना जाता है।

भगवान ऋषभदेव (वैदिक मतानुसार अष्टम अवतार) से भगवान महावीर तक तीर्थंकरों के सर्वज्ञ पद प्राप्त होने पर जो उनकी उपदेश रूप दिव्यध्वनि खिरी वह ओंकारात्मक थी, जिसमें संपूर्ण (१८ महाभाषा एवं ७०० लघुभाषा) भाषायें गर्भित थीं और प्रत्येक भाषाभाषी श्रोता को अपनी भाषा में सुनाई देती थी।

'ओं' यह वह चमत्कारपूर्ण मंत्र है जिसे प्लुत (त्रिमात्रिक) रूप से उपांशु (अत्यंत मंद उच्चारण) या मानस जपते रहने पर अन्तःकरण व समस्त शरीर में व्याप्त होकर भीतर की चंचलता और विकार दूर होते हैं तथा सर्वसिद्धियों के साथ परमानन्द रूप परमात्म भाव की अनुभूति होती है।

हम देखते हैं कि 'ओं' के स्थान में 'ॐ' का प्रचार अधिक है। इसका तात्पर्य भी महत्वपूर्ण है। यह ३ तीन अंक अनेकात्मक व्यवहार का सूचक है। उसके आगे ० बिन्दु भेद व्यवहार का निषेधक, अभेद-निश्चय का द्योतक है। इन दोनों के मध्य में जो—रेखा है, वह उक्त दोनों को मिलाकर सापेक्षता या समन्वय की सूचक है। सांख्य, वैशेषिक, मीमांसक, बौद्ध आदि विभिन्न

भारतीय दर्शनों में नित्य-अनित्य, भेद-अभेद, एक-अनेक आदि परस्पर विरोधी वादों की मान्यताओं का समन्वय इसी मध्य रेखा से, जिसे अनेकांत कहते हैं, होता है।

ॐ उनके ऊपर अर्धचन्द्राकार ँ उक्त (ऊ) व्यवहार निश्चयात्मक सविकल्पक विषयों से ऊपर उठकर निर्विकल्पक आत्मानुभूति का बोधक है। उसके भी बिन्दु इन समस्त ज्ञान, साधना और अनुभूति के अंतिम फलस्वरूप मुक्ति का ज्ञान कराती है।

'कठोपनिषद' का यह प्रमाण रूप विशिष्ट पद्य ज्ञातव्य है—

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति, तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति, तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत् ।।

जिस पद को वेद मानते है, संपूर्ण साधनायें—जिसके लिए हैं और जिसकी कामना हेतु ब्रह्मचर्य रूप साधन का आचरण किया जाता है, वह पद समुच्चय रूप मे 'ओं' ही है।

'ज्ञानार्णव' मे भर्तृहरि के भ्राता आचार्य शुभचन्द्र ने ओं को प्रणव (प्रपंच रहित या प्रकृष्ट रूप से मुक्ति दाता) कहा है। इसमें 'अ' से अरहंत, अशरीर, आचार्य 'उ' से उपाध्याय एवं 'म्' से मुनि ये पंचपरमेष्ठी गर्भित हैं। इस परमेष्ठी वाचक मंत्र के ध्यान से दुखरूपी ज्वाला शात होती है।

'ओं' यह सर्वमान्य मंत्र है। अतः यह एकता या संगठन का माध्यम है। इस परमात्म रूप 'ओं' के श्रद्धावान और आराधक परमात्मा रूप पिता को छत्रछाया में रहकर भ्रातृभाव को त्याग कर क्या परस्पर द्वेष या वैरभाव कर सकते है? यदि करते हैं तो उन्हें आस्तिक या सच्चा आराधक किस प्रकार कहा जा सकता है? वर्तमान में हम सबके लिए यह विचारणीय है।

'ओं' यह वह ब्रह्म रूप समुद्र है जिसमें सर्वधर्म रूप नदियाँ आकर मिलती हैं। यह वह गुलदस्ता है जिसे विविध धर्म रूप पुष्प एक साथ गुंथ कर उसकी शोभा बढ़ाते हैं। अनेकता में एकता, द्वैत में अद्वैत एवं भेद में अभेद का साक्षात्कार इसी 'ओं' द्वारा संभव है। यदि हम ओं का आराधन करना चाहते हैं, धर्मात्मा बनना चाहते हैं, तो सेवा का, प्रेम का, नैतिकता का और त्याग का व्रत लेवें। पड़ोसी की भलाई में अपनी भलाई समझें। आज धर्म या दर्शन को चर्चा या विवाद का विषय बनाने के बजाय उनसे मनुष्यता और सदाचार का पाठ सीखना चाहिए। हम अहंकार या परस्पर घृणा का त्यागकर सबके साथ समभाव व प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे, तभी हमारा यह देश, समाज और हम जीवित रह सकेंगे। हमें ये वाक्य हमेशा याद रखना होंगे—

'उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्'
'मैत्रीभाव जगत में मेरा सब जीवों से नित्य रहे।'
'मजहब नहीं सिखाता आपस में वैर करना।'

नाथूलाल जैन शास्त्री

वर्तमान चौबीस तीर्थंकरों का परिचय

क्र.	नाम	पिता	माता	जन्मस्थल	चिह्न	वंश	वर्ण
१.	ऋषभनाथ	नाभिराय	मरुदेवी	अयोध्या	वृषभ	इक्ष्वाकु	सुवर्ण
२.	अजितनाथ	जितशत्रु	विजयसेना	,,	गज	,,	,,
३.	संभवनाथ	जितारि	सुषेणा	श्रावस्ती	अश्व	,,	,,
४.	अभिनंदननाथ	संवर	सिद्धार्थ	अयोध्या	वानर	,,	,,
५.	सुमतिनाथ	मेघप्रभ	सुमंगला	,,	कोक	,,	,,
६.	पद्मप्रभ	धरण	सुसीमा	कौशाबी	कमल	,,	रक्त
७.	सुपार्श्वनाथ	सुप्रतिष्ठ	पृथ्वी	वाराणसी	स्वास्तिक	,,	हरित
८.	चन्द्रप्रभ	महासेन	लक्ष्मणा	चन्द्रपुरी	चन्द्र	,,	शुक्ल
९.	पुष्पदन्त	सुग्रीव	रमा	काकंदी	मगर	,,	,,
१०.	शीतलनाथ	दृढ़रथ	सुनंदा	भाद्रिल	कल्पवृक्ष	,,	सुवर्ण
११.	श्रेयांसनाथ	विष्णु	विष्णुश्री	सिंहपुर	गेंडा	,,	,,
१२.	वासुपूज्य	वसुपूज्य	जया	चंपा	महिष	,,	रक्त
१३.	विमलनाथ	कृतवर्मा	जयश्यामा	कपिला	शूकर	,,	सुवर्ण
१४.	अनंतनाथ	सिंहसेन	विमला	अयोध्या	सेही	,,	,,
१५.	धर्मनाथ	भानु	सुप्रभा	रत्नपुर	वज्र	कुरु	सुवर्ण
१६.	शांतिनाथ	विश्वसेन	ऐरा	हस्तिनापुर	मृग	इक्ष्वाकु	,,
१७.	कुंथुनाथ	शूरसेन	श्रीमती	,,	अज	कुरु	,,
१८.	अरनाथ	सुदर्शन	मित्रा	,,	मीन	,,	,,
१९.	मल्लिनाथ	कुंभ	प्रभावती	मिथिला	कलश	इक्ष्वाकु	,,
२०.	मुनिसुव्रतनाथ	सुमित्र	पद्मा	राजगृह	कच्छप	यदु	नील
२१.	नमिनाथ	विजय	सुभद्रा	मिथिला	नीलकमल	इक्ष्वाकु	सुवर्ण
२२.	नेमिनाथ	समुद्रविजय	शिवादेवी	शौरीपुर	शंख	यदु	नील
२३.	पार्श्वनाथ	अश्वसेन	वामादेवी	वाराणसी	नाग	उग्र	हरित
२४.	महावीर	सिद्धार्थ	त्रिशला	कुंडलपुर	सिंह	नाथ	सुवर्ण

प्रतिमा निर्माण व परीक्षण की विस्तृत विधि

१. मुख:—मस्तक के केशों से लेकर ठोढ़ी तक १२ भाग प्रमाण ऊँचा और इतना ही चौड़ा मुख करें। ऊँचाई के तीन भाग करें। उनमें से १ भाग अर्थात् 4 भाग प्रमाण ललाट करें, दूसरे भाग में ४ भाग प्रमाण नासिका करें। और तीसरे भाग में डाढ़ी तक ४ भाग प्रमाण मुख और ठोढ़ी करें। ललाट 8 भाग प्रमाण चौड़ा और 8 भाग प्रमाण ऊँचा करें। ललाट के ऊपर उष्णीश चोटी तक ५ भाग प्रमाण केश करें। उसके ऊपर २ भाग प्रमाण क्रम से चूड़ा उतार रूप में किंचित् ऊँची और गोल चोटी करें। चोटी से ग्रीवा के पिछले भाग तक ५ भाग प्रमाण में लम्बे केश करें। इस प्रकार ललाट से लेकर ग्रीवा के पिछले भाग तक १२ भाग प्रमाण में मस्तक करे। मस्तक के उभय पार्श्वों में ४-४ भाग प्रमाण चौड़े (धनुष के आकार मध्य में मोटे और दोनों ओर अग्रभाग में कृश) शंख नाम के दो हाड़ करें। इन दोनों हाड़ों के मध्य में ४ भाग प्रमाण चौड़ा केश स्थान करें। इस प्रकार भी १२ भाग प्रमाण ही मस्तक रक्खे। ललाट के ४ भाग प्रमाण नीचे और ४$\frac{1}{2}$ भाग प्रमाण लम्बे दोनों भंवारे करें। १$\frac{1}{2}$ भाग प्रमाण चौड़ा आदि मे ५ भाग प्रमाण चौड़ा अंत में करें। ३ भाग प्रमाण लम्बी नेत्रों की सफेदी कमल पुष्पदल के समान करें। सफेदी के मध्य मे १ भाग प्रमाण श्यामतारा करें। तारा के मध्य $\frac{1}{6}$ भाग प्रमाण गोल छोटी श्याम तारिका करें। भृकुटी के मध्य से लेकर नीचे की ओर बाफणी तक ३ भाग प्रमाण आँखों की चौड़ाई करें। नासिका के मूल में २ भाग प्रमाण दोनों नेत्रों का अंतराल करें। ऊपर नीचे के दोनों होठ २-२ भाग प्रमाण लम्बे और १-१ भाग प्रमाण ऊँचे करे। ४ भाग प्रमाण मुखफाड़ करें। मुख के मध्य में २ भाग होठों को खुले करें और १-१ भाग प्रमाण दोऊ बगल मिली करें। नासिका के नीचे और ऊपर के होठ के मध्य में $\frac{1}{2}$ भाग प्रमाण लम्बी और $\frac{1}{6}$ भाग प्रमाण चौड़ी नाली करें। १ भाग प्रमाण लम्बी तथा $\frac{1}{2}$ भाग प्रमाण मोटी सृक्किणी करें। २ भाग प्रमाण चौड़ी और २ भाग प्रमाण लम्बी ठोढ़ी करें। दो भाग प्रमाण मोटा हनू (गाल के ऊपर के समीप का हाड़) करें। हनू के मूल से चिबुक का अंतराल ८ भाग प्रमाण करें। ४$\frac{1}{2}$ भाग प्रमाण लम्बे और ३ भाग प्रमाण चौड़े कान करें। ४ भाग प्रमाण चौड़ी पास (कान की मध्यवर्ती कड़ी नस के आगे परनाली रूप खाल) करें। पास के ऊपर की वर्त्तिका (गोट) $\frac{1}{4}$ भाग प्रमाण करें। $\frac{1}{2}$ भाग प्रमाण कर्ण का छिद्र मध्य में यवनालिका के समान करें। ४$\frac{1}{2}$ भाग प्रमाण नेत्र और कर्णों का अंतराल करें। आगे से दोनों कर्णों का अंतराल १८ भाग प्रमाण करें। और पीछे से दोनों कर्णों का अन्तराल १४ भाग प्रमाण हो। इस प्रकार कर्णों के समीप में मस्तक की परिधि ३२ भाग प्रमाण होनी चाहिए और ऊपर में मस्तक की परिधि १२ भाग होनी चाहिए।

२. हाथ:—कोहनी का विस्तार ५$\frac{1}{6}$ भाग प्रमाण और उसकी परिधि १६ भाग प्रमाण करें। कोहनी से पौंचा तक चूड़ा उतार से बाहु करें। भुजा का मध्य भाग ४$\frac{1}{6}$ भाग प्रमाण और उसकी परिधि १४ भाग प्रमाण करें। पौंचे का विस्तार ४ भाग प्रमाण और उसकी परिधि १२ भाग प्रमाण करें। पौंचे से मध्यमांगुलि पर्यन्त १२ भाग प्रमाण करें। मध्यमांगुलि ५ भाग प्रमाण करें। मध्यमांगुलि से अर्ध-अर्ध पर्वहीन तर्जनी और अनामिका करें। अनामिकांगुलि से १ पर्वहीन कनिष्ठिकांगुलि करें। पौंचे से लेकर कनिष्ठिका के मूल तक ५ भाग प्रमाण अंतराल करें।

तर्जनी तथा मध्यमा के प्रमाण से कनिष्ठिका की मोटाई अर्ध भाग प्रमाण घाटि करें। अंगुष्ठ में दो पर्व करें। अंगुष्ठ की परिधि चार भाग प्रमाण करें। शेष चारों अंगुलियों में ३-३ पर्व करें। अर्ध पर्व समान पाँचों ही अंगुलियों में नख करें। हथेली ७ भाग प्रमाण लम्बी और ५ भाग प्रमाण चौड़ी करें। हथेली की मध्य परिधि १२ भाग प्रमाण करें। अंगुष्ठमूल और तर्जनी के मूल का अंतराल २ भाग प्रमाण करें। भुजा गोल संधि जोड़ से मिली गोड़ा तक लम्बी करें। अंगुलियों को विलाप यक्त, स्निग्ध ललित उपचय संयुक्त शंख-चक्र-सूर्य कमलादि उत्तम चिह्नों करि युक्त करें।

३. **वक्षस्थल**:—२४ भाग चौड़ा वक्षस्थल करें। पीठ सहित वक्षस्थल की परिधि ५६ भाग प्रमाण हो। वक्षस्थल के मध्य में श्रीवत्स का चिह्न हो। दोनों स्तनों का मध्यांतराल १२ भाग प्रमाण हो। स्तनों की चूचियाँ २ भाग प्रमाण वृत्ताकार हों। चूचियों के मध्य में ½ भाग प्रमाण बीटलियाँ हों। वक्षस्थल से नाभि तक १२ भाग प्रमाण अंतराल हो।

४. **उदर**:—वक्षस्थल से नीचे और नाभि के ऊपरी भाग को उदर कहते हैं। नाभि का मुख १ भाग प्रमाण चौड़ा हो। नाभि को दक्षिणावर्तरूप में मनोहर गोल गहरी करें।

५. **पेडू**:—नाभि के मध्य से लेकर लिंग के मूल तक १२ भाग प्रमाण में अंतराल या पेडू करें। उनमें से आठ भागों में आठ रेखाएँ करें। १८ भाग प्रमाण चौड़ी कटि तथा उसकी परिधि ४८ भाग प्रमाण हो। तिकूणा (बैठक का हाड़) आठ भाग प्रमाण विस्तीर्ण हो। तिकूणा क. मध्य भाग ८ भाग प्रम.ण हो। ऊपरला भाग अनीछट बांसा के हाड़ से मिला हो। दोनों कूले ६ भाग प्रमाण गोल हो। स्कंध के सूत से गुदा पर्यन्त ३६ भाग लम्बा और आधा भाग प्रमाण मोटा रीढ़ का हाड़ हो।

६. **लिंग**:—4 भाग प्रमाण लम्बा, मूल में २ भाग प्रमाण मोटा, मध्य में १ भाग प्रमाण मोटा, अन्त में ½ भाग प्रमाण मोटा लिंग हो और सर्वत्र अपनी मोटाई के प्रमाण से तिगुनी परिधि हो।

७. **पोते**:—दोनों पोतों को आम की गुठली के समान चढ़ाव उतार रूप में ५–५ भाग प्रमाण लम्बे और ४-४ भाग प्रमाण चौड़े पुष्ट रूप में बनावे।

८. **जांघ**:—दोनों जांघों को २४-२४ भाग प्रमाण पुष्ट रूप में बनावे। दोनों जांघों को मूल में ११-११ भाग प्रमाण, मध्य में ९-९ भाग प्रमाण और अन्त में ७-७ भाग प्रमाण चौड़ी रक्खे। इनकी परिधि सर्वत्र अपनी-अपनी मोटाई से तिगुनी रक्खे।

९. **घुटना**:—जाँघों के नीचे और पींडियों से ऊपर मध्य में ६ भाग प्रमाण चौड़े और ४ भाग प्रमाण लम्बे दोनों घुटने रक्खे।

१०. **पींडी**:—घुटनों से नीचे टिकण्या तक लम्बी २४-२४ भाग प्रमाण दोनों पींडियाँ बनावें। ये दोनों पींडियाँ मूल में ७-७ भाग, मध्य में ६-६ भाग और अन्त में टिकूण्या के पास ४½-४½ भाग चौड़ी रक्खे। परिधि सर्वत्र तिगुनी हो।

११. **टिकूण्या**:—दोनों पगों की चारों टिकूण्यों को १-१ भाग प्रमाण गूढ़ रक्खे। परिधि इनकी भी तिगुनी हो।

प्रतिष्ठा-प्रदीप

अनुक्रमणिका

प्रथम भाग

श्री चतुर्विंशति तीर्थंकर मंदिर एवं भ. बाहुबलि प्रतिमा

श्री गोम्मटगिरि क्षेत्र परिचय

श्री दिगम्बर जैन तीर्थ गोम्मटगिरि का निर्माण परमपूज्य राष्ट्रसन्त आचार्य मुनिश्री विद्यानन्दजी के शुभाशीर्वाद एवं समस्त भारत तथा इन्दौर की समाज के तन-मन-धन द्वारा पूर्ण सहयोग से जैनधर्म, दर्शन, साहित्य, संस्कृति तथा अहिंसक जीवन मूल्यों के प्रचार-प्रसार के प्रेरणा केन्द्र, लोक सेवा एवं आत्मोत्थान हेतु शान्तिपूर्ण जीवन-यापन की साधनास्थली के रूप में हुआ है। वीर निर्वाण सम्वत् २५०७ सन् १९८१ में यह भूखण्ड प्रसिद्ध समाजसेवी श्री बाबूलालजी पाटोदी को उनकी षष्ठिपूर्ति के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अर्जुनसिंहजी द्वारा उपरोक्त ध्येय की पूर्ति हेतु दिगम्बर जैन समाज इन्दौर को प्रदान किया गया।

इस क्षेत्र के निर्माण की परिकल्पना स्व. श्री दुलीचन्दजी सेठी तथा श्री शान्तिलालजी पाटनी की थी, व उन्होंने ही परमपूज्य आचार्य मुनिश्री का शुभाशीर्वाद प्राप्त कर इस गिरि पर अपने संकल्प को मूर्तरूप देने हेतु श्री पाटोदीजी को प्रेरित किया था, जिसके परिणामस्वरूप यहाँ भ. बाहुबली की २१ फुट उन्नत मनोज्ञ प्रतिमा, उनके दोनों ओर वर्तमान चौबीस तीर्थंकरों के शिखर संयुक्त जिनालय, चारित्र चक्रवर्ती श्री १०८ आचार्य शान्तिसागरजी की स्मृति में त्यागी ज्ञानोपासना मंदिर, सरस्वती भवन, त्यागी निवास, श्री आदिनाथ जिनालय एवं तलेटी में अतिथि-गृह, धर्मशाला, भोजनशाला इत्यादि के निर्माण पूर्वक विशाल रूप में फाल्गुन वदी १३, शनिवार, ८ मार्च १९८६ से फाल्गुन वदी ३ गुरुवार, १३ मार्च १९८६ तक जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव एवं महामस्तकाभिषेक सम्पन्न हुआ।

कवर पृष्ठ 'अष्ट मंगल द्रव्य'

श्री वीर निर्वाण ग्रन्थ प्रकाशन समिति अपना सौभाग्य मानती है कि उसे एक उद्भट, त्यागमूर्ति, कर्त्तव्यशील, चरित्रवान, संयमी विद्वान् के ग्रन्थ का प्रकाशन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं समाज एवं समस्त प्रतिष्ठाचार्यों से विनम्र अपील करता हूँ कि इस ग्रन्थ का सम्पूर्ण उपयोग करके एक-सी विधि द्वारा प्रतिष्ठा जैसे महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न करवाने में अपना योगदान देवें।

नईदुनिया प्रेस परिवार, उसके कर्मठ मैनेजर श्री हीरालालजी झांझरी व श्री श्रीनिवासजी एवं कुन्दकुन्द ज्ञानपीठ के मैनेजर श्री अरविन्दकुमार जैन शास्त्री का भी मैं हृदय से आभारी हूँ कि उन्होंने कठिन परिश्रम करके इस ग्रन्थ को समय पर प्रकाशित करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

बाबूलाल पाटोदी
मंत्री
वीर निर्वाण ग्रन्थ प्रकाशन समिति, इन्दौर

प्रकाशकीय

संहितासूरि पं. नाथूलालजी शास्त्री द्वारा लिखित "प्रतिष्ठा प्रदीप" एक संग्रहीत ग्रन्थ है। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न विधियों द्वारा प्रतिष्ठा संपन्न करवाई जा रही है जिससे प्रतिष्ठा में एक-रूपता नहीं रहती। यद्यपि जिनेन्द्रदेव की मूर्ति तो प्रतिष्ठित की जाती है पर उसमें अतिशय प्रकट नहीं होता इस कारण समाज का बहु भाग देवी-देवताओं की ओर आकर्षित होकर एक प्रकार से इस महान् वीतराग धर्म की आस्था पर प्रश्न चिह्न लगा रहा है।।

पंडितजी समाज के एक अनुभवी वयोवृद्ध प्रतिष्ठाचार्य हैं जिन्होंने अपने जीवन में सैकड़ों प्रतिष्ठाएं संपन्न करवाई व विधि में कभी किसी श्रीमान्, धीमान् के आगे झुके नहीं।

सन् १९८७ में विद्वत् परिषद् कार्यकारिणी ने अपने इन्दौर अधिवेशन में प्रस्ताव पारित कर आधुनिक भाषा में विधि-विधान के स्पष्टीकरण के साथ प्रतिष्ठा पाठ संकलित करने की जिम्मेदारी पंडितजी को सौंपी।

पंडितजी ने प्रस्तुत ग्रन्थ को तीन भागों में विभक्त किया है। प्रथम भाग में मंदिर निर्माण से प्रारंभ कर वेदी, ध्वजा, कलश आदि विधियों का १३७ पृष्ठों में दिग्दर्शन कराया। द्वितीय भाग पंचकल्याणक के दृश्यों व विधि तथा मंत्र संस्कार आदि ५५ पृष्ठों में पूर्ण किया। तृतीय भाग में सिद्ध प्रतिमा व अन्य प्रतिष्ठा विधि आदि तथा सहयोगी प्रतिष्ठाचार्यों के कर्तव्य का बोध कराया।

यहीं पंडितजी ने अन्य प्रतिष्ठा ग्रन्थों का भी सार ग्रहण करके व यंत्र आदि इस ग्रन्थ को पूर्ण करने का प्रयत्न किया। उससे निश्चय ही नवीन प्रतिष्ठाचार्यों को शास्त्रोक्त पद्धति से प्रतिष्ठा संपन्न करवाने का अवसर प्राप्त होगा। इस प्रतिष्ठा प्रदीप ग्रन्थ पर विद्वत्वर्य पं. जगन्मोहनलालजी शास्त्री ने भूमिका लिखकर इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला है। परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्यश्री विद्यानंदजी महाराज ने अपने शुभाशीर्वाद से इस ग्रन्थ की उपयोगिता को प्रति-पादित किया है।

अभी ५ जनवरी १९९० को इस युग के महान् संत तपोनिधि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के समक्ष तड़ा ग्राम (सागर) में समस्त मुनि संघ के समक्ष इस ग्रन्थ पर विस्तृत चर्चा हुई। आचार्यश्री ने भी प्रस्तुत ग्रन्थ के लेखक पं. नाथूलालजी शास्त्री से ग्रन्थ के विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा आचार्यश्री ने कहा कि प्रतिष्ठा शास्त्र एक अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ है जो पाषाण प्रतिमा को सातिशय बनाने की विधि दिग्दर्शित करता है। सम्पूर्ण ग्रन्थ के आलोडन के पश्चात् पूज्य आचार्यश्री ने पंडितजी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि एक समुच्चय प्रतिष्ठा ग्रन्थ की कमी को पूरी करके आपने समाज की उत्कृष्ट सेवा की है। महाराजश्री ने यह भी कहा कि समस्त प्रतिष्ठाचार्य प्रतिष्ठा को विधि-विधान के द्वारा संपन्न करवावें तो जो आजकल हो रहा है, उससे जो विकृतियाँ आ रही हैं समाज उससे बच जावेगा।

हमें इस बातका गौरव है कि भारतीय दि. जैन विद्वानों में नवोन्मेषशालिनी (प्रतिभावान्) एवं सिद्धहस्त लेखक यशस्वी प्रतिष्ठाचार्य धर्मानुरागी श्री पं.—

नाथूलाल शास्त्रीजी ने 'प्रतिष्ठा-प्रदीप' ग्रन्थ को परिश्रमपूर्वक संग्रह करके लिखा है । एतावता आज के प्रबुद्ध समाज में प्रतिष्ठा-प्रदीप ग्रन्थ गौरव गरिमा को प्राप्त होगा ऐसी हमारी भावना है ।

शान्तिगिरि
कोथली-कुप्पानवाड़ी
ता. चिक्कोडी (कर्नाटक)

'आचार्यः पादमाचष्टे, पादः शिष्यः स्वमेधया ।
तद् विद्यसेवया पादः पादः कालेन पच्यते ॥—

—आचार्य वीरसेन, पु. १२ धवला पृ. १७१

आचार्य अन्तेवासी को एक पाद का अर्थ की शिक्षा देते हैं और एक पाद को शिष्य अपनी मेधा से ग्रहण करता है, एक पाद उसके जानकार पुरुषों की सेवा से प्राप्त होता है, तथा एक पाद समयानुसार परिपाक होकर प्राप्त होता है ।

तीर्थंकरों के पंचकल्याणक जहाँ हुए हैं ऐसे स्थान तथा अन्य पवित्रस्थान, नदीतट, पर्वत, ग्राम, नगरादिकोंके सुंदरस्थानों में जिनमंदिर निर्माण करना चाहिये।

आरंभ से हिंसा होती है, हिंसासे पाप लगता है, तो भी जिनमंदिर बांधने में किये जाने वाले आरंभ से महापुण्य प्राप्त होता है, जिन मन्दिर (धर्म) की स्थिति जिनमंदिरके बिना नही रहती। तथा जिनमंदिर मुक्तिप्रासाद में प्रवेश करने में सोपान के समान सहायक हैं। अत: जिनमंदिरकी रचना करनी चाहिये ऐसा हेतु आचार्यंने प्रदर्शित किया है। वे कहते हैं—

'यद्यप्यारम्भतो हिंसा हिंसायाः पापसम्भव:।
तथाप्यत्र कृतारम्भो महत्पुण्यं समश्नुते।।
निरालम्बन धर्मस्य स्थितिर्यस्मात्ततः सताम्
मुक्ति प्रासादसोपानमाप्तैरुक्तो जिनालय:।।'

"इस प्रतिष्ठा ग्रंथ की रचना देखने से आचार्य ज्योतिषशास्त्रोंमें निष्णात थे ऐसा सिद्ध होता है। अस्तु।"*

पंचकल्याणक प्रतिष्ठाविधि, समुद्रके समान गंभीर एवं अगाध है और सर्वसाधारण के लिए सूक्ष्म, अगम्य एवं गूढ़ है। जैसे समुद्र का जल स्वयं समुद्र मे ग्रहण करने से खारा ही मिलता है। परंतु वही जल मेघ के द्वारा प्राप्त होता है तो मधुर (मीठा) होता है। उसी तरह मनमानी प्रतिष्ठापाठ ग्रंथों को अपने आप पढकर उसका मनमाने विधि-विधान करने पर वह खारे जल के समान ही अग्राह्य होगा। जैसे मेघ के द्वारा आनीत वही जल मधुर होता है, उसी तरह परिपक्व ज्ञानी विद्वानों से या आचार्य* परंपरा से अधीत आगम सम्मत प्रतिष्ठापाठ ही ग्राह्य एवं उपयोगी होगा।

'देवीं वाचमुपासते हि बहवः सारंतुसारस्वतं।
जानीते नितरामसौ गुरुकुलक्लिष्टो मुरारिः कविः।।
अब्धिर्लंघित एव वानरभटैः किन्त्वस्यगम्भीरतां।
आपातालनिमग्नपीवरतनुर्जानातिमंथाचलः।।"

पुस्तककी विद्या से अबतक अनेकों ने वाग्देवी की उपासना की है। सारस्वतसारको मात्र, गुरुकुलवास में निवास करके आक्लिष्ट हुये मुरारी कवि ही जानता है। कपिभटों ने समुद्र का लंघन तो किया लेकिन क्या उसकी गहराई को जाना? नहीं जाना, उसकी गहराई को पातालतक डूबा हुआ महान् मंथाचल ही जानता है।

---

* सिद्धान्तसार ग्रंथ से

परमपूज्य श्री १०८ सिद्धान्त चक्रवर्ती आचार्य विद्यानन्दजी महाराज द्वारा

आशीर्वचन

मनुष्य होना पुण्यों का परिणाम है। इतने पर भी मनुष्योचित गुणों का आस्पद होना और अधिक पुण्यशालिता का सूचक है। प्राय: मनुष्य अपने को उस मार्ग पर उन्मुक्त भाव से छोड़ देते हैं जो सरल-सुगम होता है। और सरलपथ प्राय: ढलान जैसा होता है। उसमें उद्योग की अपेक्षा नही किंतु उसीमें पतन की गहराइयां निहित हैं। कुए में प्रवेश करते समय रस्सी को परिश्रम नही करना होता, परंतु जब वह भरी हुई गागर लेकर ऊपर उठती है तब खीचनेवाले के प्राण फूल जाते हैं। पर्वत पर आरोहण करना कितना कठिन प्रतीत होता है पर नीचे उतरने में उतना कष्ट नही होता। जो लोग सरलता के समुपासक हैं और कठिनता से पलायन करते हैं वे ऊपर कष्ट से खींचे जानेवाले जलपूर्ण कुंभ की विशिष्ट प्राप्ति के पात्र नहीं हो सकते।

मनुष्य की बुद्धि हीन व्यक्तियों के साथ हीन हो जाती है और समान के साथ समान रहती है। किंतु अपने से ऊंचे विशिष्ट पुरुषों के साथ रहने से विशिष्ट होती है। इस नीति से मनष्य को उच्चतम कल्याण-मार्ग पर लगाने में परमात्म-पद प्राप्त भगवान् अर्हन्त देव ही मित्र हैं, उपासना, भक्ति करने योग्य हैं। ऊंट का अभिमान हिमालय को देखकर नष्ट हो जाता है। किंतु जबतक वह भेड़-बकरियों के यूथ में विचरता है, यह सोचता रहता है कि मेरे जितना ऊंचा और कोई नहीं। इस प्रकार अरिहंत देव की श्री शरण में आने से पूर्व मनुष्य मान-कषाय से फूला रहता है। परंतु मंदिर के मानस्तंभ को देखते ही उसका मान उतर जाता है। अन्यथा जिनेंद्रदेव आदि की आशातना होने से पाप कर्मों का बन्ध होता है ऐसा कहा भी है—

> गुरौमानुष्य बुद्धिस्तु, मन्त्रेचाक्षर बुद्धिकम्।
> प्रतिमायां शिलाबुद्धि, कुर्वाणो नरकं व्रजेत्॥

निर्ग्रन्थ गुरु में सामान्य मनुष्य की बुद्धि रखनेवाला और णमोकार महामंत्र में सामान्य अक्षर समझनेवाला तथा अरहंत प्रतिमा में सामान्य पत्थर की कल्पना करनेवाला नरक बिल में जाता है।

नरेन्द्रसेनाचार्य का प्रतिष्ठादीपक—

"इस प्रतिष्ठासार दीपक में जिनमूर्ति, जिनमंदिर आदिकों के निर्माण में तिथि, नक्षत्र, योग आदिका विचार करना चाहिये ऐसा कहकर किस तिथ्यादिकों में इनकी रचना करने से स्थपिताका शुभाशुभ होता है इत्यादि वर्णन किया है। यह ग्रंथ साढ़ेतीनसौ श्लोकोंका है। ग्रंथ के अंत में प्रशस्ति नहीं है। इस ग्रन्थ में स्थाप्य, स्थापक और स्थापना में से तीन विषयों का वर्णन है। पंचपरमेष्ठी तथा उनके पंचकल्याणक और जो-जो पुण्यके हेतुभूत हैं वे स्थाप्य हैं। यजमान, इन्द्र स्थापक हैं। मन्त्रों से जो विधि की जाती है उसे स्थापना कहते हैं।

१२. चरणः—दोनों पगों के चरण तलों को १४-14 भाग प्रमाण लम्बे करें। टिकुण्यों से अंगुष्ठ के अग्र भाग तक १२ भाग प्रमाण लम्बाई हो। टिकुण्यों के पीछे ऐड़ी को २ भाग प्रमाण रक्खे। एड़ी नीचे २ भाग, बगल में कुछ कम और मध्य में ऊँची गोल हो, परिधि ६ भाग प्रमाण हो। अंगुष्ठ २ भाग प्रमाण लम्बा, मध्य में २ भाग प्रमाण चौड़ा तथा आदि अन्त में कुछ कम चौड़ा हो। प्रदेशिनी ३ भाग प्रमाण लम्बी हो। मध्यमा प्रदेशनी से १$\frac{१}{१६}$ भाग प्रमाण कमती हो अर्थात् २$\frac{१५}{१६}$ भाग लम्बी हो। मध्यमा से अनामिका कुछ और कम अर्थात् २$\frac{१३}{१६}$ भाग लम्बी हो। अनामिका से कनिष्ठिका कुछ और कम अर्थात् २$\frac{३}{४}$ भाग लम्बी हो। चारों ही अंगुलियाँ १-१ भाग प्रमाण मोटी और तिगुनी परिधि की हो। अंगुष्ठों में २-२ पर्व और चारों अंगुलियों में ३-३ पर्व करें। अंगुष्ठ का नख १ भाग प्रमाण, प्रदेशिनी का नख $\frac{१}{२}$ भाग प्रमाण और शेष अंगुलियों के नख अनुक्रम से कुछ-कुछ कमती रक्खे। पादतली को एड़ी के पास 4-4 भाग प्रमाण, मध्य में ५-५ भाग प्रमाण और अंत में ६-६ भाग प्रमाण चौड़ी बनावे चरण युगल एक सरीखे पुष्ट बनावे। शंख, चक्र, अंकुश, कमल, यव, छत्र आदि शुभ चिह्नों से संयुक्त चरण बनावे। इस प्रकार से कायोत्सर्ग प्रतिमा बनावे। शेष अंगोपांगों को भी पुष्ट एवं शोभनीक बनावे। पद्मासन प्रतिमा के भी कितने ही भाग यही हैं। कायोत्सर्ग के भागों के आधे भाग अर्थात् ५४ भाग प्रमाण ही दोनों घुटनों के अंत तक पलौटी की लम्बाई करें। दोनों हाथों की अंगुलियों और पेडू में ४ भाग प्रमाण अंतराल रक्खे। उदर से स्कंध पर्यन्त क्रम से हानिरूप यथा शोभित २ भाग प्रमाण अंतर रक्खे।

प्रतिष्ठा में उपयोगी यंत्र

१. मंदिर का शिखर	—	निर्माण के लिए
२. पंचपरमेष्ठी मंडल	—	पूजा में
३. चौबीस महाराज मंडल	—	पूजा में
४. विनायक यंत्र	—	शांति जप व शांतिधारा में
५. यागमंडल	—	पूजा में
६. कर्मदहन मंडल	—	सिद्ध प्रतिष्ठा में
७. नंद्यावर्त साथिया	—	नांदी विधान कलश के नीचे व बेदी प्रतिष्ठा मे
८. मातृका यंत्र	—	गर्भ कल्याणक प्रतिष्ठा में व सूरि मंत्र मे
९. सिद्ध यंत्र लघु	—	सिद्ध प्रतिमा प्रतिष्ठा में
१०. सिद्ध यंत्र वृहत्	—	स्वास्ति विधान आदि में
११. त्रैलोक्यसार यंत्र	—	गर्भादि कल्याणक में
१२. वर्धमान यत्र	—	गर्भ व जन्म कल्याणक व मंत्र सस्कार मे
१३. गणधर बलय यंत्र	—	आचार्यादि प्रतिष्ठा में
१४. बोधि समाधि यंत्र	—	तप कल्याणक मे
१५. मोक्षमार्ग यंत्र	—	समवशरण में
१६. नयनोन्मीलन यंत्र	—	मंत्र सस्कार में
१७. निर्वाण संपत्कर	—	निर्वाण व सिद्ध प्रतिमा में

१८. से ४१ बेदी में चौबीस तीर्थंकरों की प्रतिमा को विराजमान करते समय (प्रतिमा के नीचे) २४ यंत्र पृथक् पृथक् ।

४२. अंकन्यास — प्रतिमा पर अंकन्यास

प्रतिष्ठा के मुहूर्त में योग व विशेष

राजयोग—

मंगल, बुध, शुक्र, रवि में से किसी वार को भरणी, मृगशिरा, पुष्य, पूर्वाफा., चित्रा, अनुराधा, पूर्वाषाढ़ा, धनिष्ठा, उत्तराभा., इसमें से कोई नक्षत्र हो तथा २, ७, १२, ३, पूनम में कोई तिथि हो तो राजयोग शुभ होता है।

पंचक योग—

धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्र., उत्तराभाद्र., रेवती नक्षत्र को पंचक कहते हैं। इनमें मृतक दोष है किन्तु प्रतिष्ठा में नहीं।

कालमुखी योग

चौथ को तीनो उत्तरा, पंचमी को मघा, नवमी को कृत्तिका, अष्टमी को रोहिणी और तीज को अनुराधा नक्षत्र हो तो कालमुखी अशुभ योग होता है।

रवियोग

सूर्य के नक्षत्र से दिन का नक्षत्र ४, ६, ९, १०, १३, २० वाँ हो तो रवि योग होता है। किन्तु १, ५, ७, ८, ११, १५, १६ वाँ अशुभ होता है।

कुमार योग

सोम, मंगल, बुध, शुक्र में से किसी वार को अश्विनी, रोहिणी, पुनर्वसु, मघा, हस्त, विशाखा, मूल, श्रवण और पूर्वाभाद्र में से कोई हो तथा १, ५, ६, १०, ११ तिथि हो तो कुमार शुभ योग होता है। किन्तु सोम को ११ या विशाखा, मंगल को १० या पूर्वा भाद्र, बुध को १ या मूल व अश्विनी, शुक्र को १० या रोहिणी हो तो वह अशुभ है।

मृत्यु योग—

नक्षत्र (१, ६, ११) तिथि को मूल, आर्द्रा, स्वाति, चित्रा, आश्लेषा, शतभिषा, कृत्तिका या रेवती हो, भद्रा (२, ७, १२) तिथि को पूर्वाभाद्र, उत्तराभाद्र, पूर्वाफा., उत्तराफा., हो, जया (३, ८, १३) तिथि को मृगशिरा, श्रवण, पुष्य, अश्विनी, भरणी या ज्येष्ठा हो, पूर्णा (५,११, १५) तिथि को हस्त, धनिष्ठा या रोहिणी हो तो ये नक्षत्र अशुभ हैं।

सिद्ध योग—

रवि को मूल, सोम को श्रवण, मंगल को उत्तराभाद्र., बुध को कृत्तिका, गुरु को पुनर्वसु,. शुक्र को पूर्वाफा. और शनि को स्वाति हो तो सिद्ध योग होता है।

विष योग—

रवि-पंचमी को हस्त, सोम-छठ को मृगशिरा, मंगल-सप्तमी को अश्विनी, बुध-अष्टमी को अनुराधा, गुरु नवमी को पुष्य, शुक्र-दशमी को रेवती, शनि-ग्यारस को रोहिणी हो तो प्रतिष्ठा में त्याज्य है।

स्थिर योग—

गुरु या शनि को ४, ८, ९, १३, १४ तिथि में से कोई एक हो, कृत्तिका, आर्द्रा, अश्लेषा, उत्तराफा., स्वाति, ज्येष्ठा, उत्तराषाढ़ा, शतभिषा, रेवती में से कोई हो तो स्थिर शुभ योग होता है।

वज्रपात योग—

दूज को अनुराधा, ३ को तीनों उत्तरा, ५ को मघा, ६ को रोहिणी, ७ को मूल या हस्त हो तो वज्रपात अशुभ योग होता है।

विशेष—प्रतिष्ठा में पंचकल्याणक के दिन क्रम से रखे जाते हैं। इनमें प्रत्येक का मुहूर्त संभव नहीं है। फिर भी कुछ ज्ञातव्य है।

मंजूषिका में से प्रतिमा स्थिर लग्न में निकालें, यह प्रातः होना चाहिए। भरणी, उत्तरा फा., मघा, चित्रा, विशाखा, पूर्वाभाद्र., रेवती में गुरु, बुध, शुक्र, वारों मे 2, 5, 7, 11, 13 तिथियों में तप ग्रहण शुभ है। यह अपराह्ण में होता है।

वेदी में प्रतिमा विराजमान प्रातः दोपहर १२ बजे से पहले करना चाहिए। मण्डप निर्माण सोम, बुध, गुरु, शुक्र वारों में तथा २, ५, ७, ११, १२, १३ तिथियों व मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, अनुराधा, श्रवण, उत्तराषाढ़ा, उत्तराफा., नक्षत्रों में शुभ है। ध्वजारोहण शुभ मुहूर्त में किया जाना चाहिए।

हवन का मुहूर्त

शुक्ल पक्ष की एकम से अभीष्ट तिथि तक गिनने पर जितनी संख्या हो उसमे एक मिलावें। फिर रविवार से इष्ट वार तक गिनने मे जितनी संख्या हो उसको उक्त संख्या मे जोड़ दें। इस संख्या में ४ का भाग देने पर तीन या शून्य बचे तो शुभ और एक या दो बचे तो अशुभ है।

नोट:—प्रतिष्ठा संबंधी मुहूर्तों के गुण-दोषों को विशिष्ट ज्योतिषी बताते हैं। यहाँ मुहूर्त के प्रकरण को पूर्ण लिखें तो ५० या १०० पृष्ठ बढ़ सकते हैं। यह प्रतिष्ठा ग्रन्थ है; ज्योतिष ग्रंथ नहीं।

कुछ आवश्यक समाधान

(१)

व्यंगितां जर्जरां चैव पूर्वमेव प्रतिष्ठिताम् ।
पुनर्घटित संदिग्धां प्रतिमां नो प्रतिष्ठापयेत् (?)
जीर्णं चातिशयोपेतं तद्बिम्बमपि पूज्यते।
शिरोहीनं न पूज्यं स्यात्प्रक्षेप्यं तन्नदादिषु ।।
नासा मुखे तथा नेत्रे हृदये नाभिमंडले।
स्थानेषु व्यंगतेष्वेव प्रतिमां नैव पूजयेत् ।।
मानाधिका परिवार रहिता नैव पूज्यते।
काष्ठ लेपायसंभूता प्रतिमा संप्रति न हि ।।

अंगरहित, जर्जर, पूर्व प्रतिष्ठित, दूसरी बार निर्मित, संदेहयुक्त प्रतिमा की प्रतिष्ठा न करे। जीर्ण हो किन्तु अतिशय वाली प्रतिमा भी पूज्य होती है। शिर रहित मूर्ति को गहरे जल में क्षेपण कर देवें। नासा, मुख, नेत्र, हृदय, नाभि रहित मूर्ति को न पूजें। उत्तम पुरुषों द्वारा स्थापित सौ वर्ष से ऊपर की क्षत अंग वाली मूर्ति भी पूज्य होती है। अधिक मान वाली व अष्ट प्रातिहार्य रहित मूर्ति पूज्य नहीं है और काष्त व मृतिका से निर्मित मूर्ति वर्तमान में नहीं बनाई जाती। —(उ. श्रा.)

(२)

द्वारस्याष्टाग हीनः स्यात् सपीठः प्रतिमोच्छ्रयः।
तात्त्रिभागो भवेत् पीठं द्वौ भागौ प्रतिमोच्छ्रयः ।।

मंदिर द्वार के आठ भागों में से ऊपर के आठवें भाग को छोड़कर शेष सात भाग प्रमाण प्रतिमा (पीठिका सहित) की ऊँचाई होवे। सात भाग को तीन भाग में करके उनमें एक भाग की पीठिका और दो भाग की प्रतिमा की ऊँचाई करे। यह खड्गासन प्रतिमा की है। पदमासन हो तो दो भाग की पीठिका और एक भाग की मूर्ति बनवावें। —(**वसुनंदि प्रति.**)

(३)

जिनके द्वारा प्रतिमा खंडित हो जावे, उनसे शांति मंत्र की ११० माला, चौसठ ऋद्धि या पंचपरमेष्ठी विधान, संबंधित अन्य प्रतिमा का अभिषेक व कुछ उपवास-एकाशन प्रायश्चित्त रूप में करावें।

दि. जैन मूर्ति प्राप्ति के कुछ स्थल :

१. नाटा मूर्तिकला केन्द्र, खजाने का रास्ता जयपुर-१
२. इन्द्र मूर्तिकला केन्द्र, खजाने वालों का रास्ता,
तीसरा चौराहा, जयपुर-१ फोन ७९४८९
३. मुरली मूर्तिकला केन्द्र, खजाने वालों का रास्ता, जयपुर-१

तीर्थंकर मुक्ति आसन

श्रीऋषभनाथ, वासुपूज्य और नेमिनाथ तीर्थंकर पल्यंकासन से और शेष तीर्थंकर खड्गासन से मुक्त हुए।

व्रतादि जैनतिथि की मान्यता

अतस्तद्वयं निर्मलसमं बहुभिः कुलाद्रिमत माहृत मित्यत—अनवच्छिन्न पारंपर्यात् तदुपदेशक बहुसूरि वाक्यञ्च सर्व जन सुप्रसिद्धत्वात् रस (६) घटीमतं श्रेष्ठमन्यत् कल्पनोपेतं मतं सेन-नन्दि-देवा उपेक्षन्तेऽनाद्रियन्तेऽतः कुन्दकुन्दाद्युपदेशात् रस (६) घटिका ग्राह्या कार्याइत्यर्थः।

आचार्य सिंहनंदि, व्रततिथि निर्णय, ६ पृ. ७२ इस मत के द्वारा समर्थित निर्दोष परम्परा से प्राप्त तथा इस निर्दोष परम्परा के उपदेशक आचार्यों के वचनों से एवं सभी मनुष्यों में प्रसिद्ध होने से छः छटी प्रमाण तिथि का प्रमाण माना गया है। अन्य जो तिथि का मान कहा गया है, वह कल्पना मात्र है, समीचीन नहीं है, इसलिए इसकी सेनगण, नन्दिगण, और देवगण के आचार्य उपेक्षा अर्थात् अनादर करते हैं अतएव कुन्दकुन्दादि आचार्यों के उपदेश से सभी मतों की अपेक्षा (सूर्योदय से) छः घटी प्रमाण तिथि का मान ग्राह्य है। (२४ मि एक घड़ी)

नोट—पंचांग से देखकर उक्त निर्णय करना चाहिए।

इसी नियम के अनुसार ४० वर्षो से जैनतिथि दर्पण, इन्दौर तैयार किया जा रहा है।

कतिपय समाधान

१. अतीताब्दशत यत्स्यात् यच्च स्थापित मुत्तमैः।
तद्व्यंगमपि पूज्यं स्याद्बिम्बं तन्निष्फलं नहि ॥१०८॥

जिसको सौ वर्ष व्यतीत हो गए है, ऐसी सातिशयप्रतिमा किसी महान् पुरुष के द्वारा स्थापित की गई हो तो वह विकलांग भी पूज्य है।

नासामुखे तथा नेत्रे हृदये नाभिमंडले।
स्थानेषु व्यंगितेष्वेय प्रतिमां नैव पूजयेत् ॥११०॥

प्रतिष्ठा होने पर यदि नाक, मुख, नेत्र, हृदय और नाभि आदि अग-भंग हो गये हों तो वह प्रतिमा अपूज्य होती है। उसे गहरे जल में पधरा देना चाहिए।

जीर्णं चातिशयोपेतं तद्व्यंगमपि पूजयेत्।
शिरोहीनं न पूज्यं स्यान्निक्षेप्यं तन्नदादिषु ॥१११॥

जीर्ण और सातिशय मूर्ति व्यंग भी पूज्य है, पर शिरोहीन अपूज्य है, उसे गहरे पानी में छोड़ देना चाहिए।

२. किसी के हाथ से प्रतिमा खंडित हो जावे तो ११० माला 'ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा सर्वशांति कुरु कुरु स्वाहा' इस मंत्र की जप कर चौसठ ऋद्धि विधान की पूजा करें। शक्ति देखकर उपवास व एकाशन करावें। खंडित प्रतिमा को गहरे जल में छोड़ें।

३. प्रतिमा चोर ले जावें और मिल जावे तो पंचपरमेष्ठी या चौबीस महाराज मंडल की पूजा करें। ५१ माला उक्त शांति मंत्र की जपें। अभिषेक मंत्र से १०८ बार अभिषेक कर विराजमान करें।

४. प्रतिमाजी की प्रतिष्ठा हुआ पाछे प्रतिमाजी के टांची लगावे नाहीं
(ज्ञानानंद श्रावकाचार-)९७

महर्षि पर्युपासन विधिः

वृषभं वृषभसेनाद्याः सिंहसेनादयोऽजितम् ।
शंभवं चारुसेनाद्याः वज्रनाभिपुरः सराः ।।१।।

कपिध्वजं चामराद्याः सुमतिं पद्मलांछनम् ।
ये वज्रचामराः प्रष्ठाः सुपार्श्वं बलपूर्वकाः ।।२।।

चन्द्रप्रभं दत्तमुख्याः पुष्पदन्तं समाश्रिताः ।
विदर्भाद्याः शीतलेशमनगाराः पुरोगमा ।।३।।

कुन्थु प्रधानाः श्रेयांसं धर्माद्या द्वादशंजिनम् ।
विमलं मेरु पौरस्त्या जयार्याद्याश्चतुर्दशम् ।।४।।

धर्मं स्वरिष्टसेनाद्याः शांतिं चक्रायुधादयः ।
स्वयम्भू प्रमुखाः कुन्थु कुम्भार्याद्यास्त्वर प्रभुं ।।५।।

मल्लिं विशाल प्रमुखाः मालयाद्या मुनिसुव्रतम् ।
नमेशं सुप्रभासाद्या वरदत्ताग्रतः सराः ।।६।।

नेमि पार्श्वं स्वयम्भ्वाद्या गौतमाद्याश्च सन्मतिम् ।
तेभ्यो गणधरेशेभ्यो दत्तोऽयं पुनातु नः ।।७।।

ॐ ह्रीं गुणगणधर चरणेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

अर्थ—वृषभदेव के **वृषभसेन** आदि गणधर हुए। अजितनाथ के **सिंहसेन** आदि, संभवनाथ के **चारुसेन** आदि, कपि लांछन अभिनंदन के **वज्रनाभि** आदि, सुमतिनाथ के **चामर** आदि, पद्मलांछन वाले पद्मप्रभ के **वज्रचामर** आदि, सुपार्श्वनाथ के **बलपूर्वादि**, चन्द्रप्रभ के **दत्त** आदि, पुष्पदंत के **विदर्भ** आदि, शीतलनाथ के **अनगार** आदि, श्रेयांसनाथ के **कुन्थु** आदि, बारवें वासुपूज्य भगवान् के **धर्म** आदि, विमलनाथ के **मेरु** आदि, चौदहवें अनंतनाथ के **जयार्य** आदि, धर्मनाथ के **अरिष्टसेन** आदि, शांतिनाथ के **चक्रायुध** आदि, कुन्थुनाथ के **स्वयंभू** आदि, अरहनाथ के **कुमार्य** आदि, मल्लिनाथ के **विशाल** आदि, मुनिसुव्रतनाथ के **माली** आदि, नमिनाथ के **सुप्रभास** आदि, नेमिनाथ के **वरदत्त** आदि, पार्श्वनाथ के **स्वयंभू** आदि, और महावीर तीर्थंकर के **गौतमादि** गणधर थे। उन गणधरों के लिये यह अर्घ्य दिया जाता है। वे हमें पवित्र करें।

श्री जिनबिंब पंचकल्याणक की द्वितीय विधि

'प्रतिष्ठा प्रदीप' में आचार्य जयसेन के प्रतिष्ठा पाठ के अनुसार प्रथम विधि का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है। प्रतिष्ठा की दूसरी विधि कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में अधिक प्रचलित है।

पाठकों को यह जानकर हर्ष होगा कि सभी प्रतिष्ठा पाठो में गर्भ, जन्म, तप, एवं ज्ञान कल्याणक के मंत्र संस्कार समान पाये जाते है। गर्भ में पीठी (सिंहासन) या मंजूषा में जिनेन्द्र माता की स्थापना कर सम्पूर्ण विधि संपन्न की जाती है (प्र. ति. प. १२७) । जन्माभिषेक मेरु पर (ह. प्र. १३८) इन्द्रों द्वारा क्षीरसागर के जल से कराया जाता है। आकार शुद्धि आदि पृथक् की जाती है।

प्रथम विधि के समान ही जन्म के मंत्र, तप की विधि व ४८ संस्कार, अंकन्यास, तिलक-दान, अधिवासना, स्वस्त्ययन, कंकणबंधन व मोचन, नेत्रोन्मीलन, केवलज्ञान के मंत्र समान है। मृत्तिकानयन, अंकुरारोपण, भेरीताड़न (रात्रि में देवो का आह्वानन), जलयात्रा में जलदेवता (गंगा आदि) की पूजा, पंचामृताभिषेक, सचित्त पुष्प फलादि से पूजा, चतुर्णिकाय के देवताओ की पूजा व उनकी मूर्ति स्थापन, यागमंडल में विद्या देवता जिनमाता, इन्द्र, यक्ष, शासनदेवता, द्वारपाल, दिक्पाल आदि की द्वि. विधि में पूजा की जाती है।

मंगलाष्टक का विशिष्ट पद्य

देव्योऽष्टौ च जयादिका द्विगुणिता विद्याधिका देवता: ।
श्री तीर्थंकर मातृकाश्च जनका. यक्षयश्च यक्षेश्वरा: ।।
द्वात्रिंशत्त्रिदशाधिका: तिथिसुरा दिक्कन्यकाश्चाष्टधा ।।
दिक्पाला दश चेत्यमी सुरगणा: कुर्बन्तु ते मंगलम् ।।

उक्त पद्य में उल्लिखित देवताओ की प्रतिष्ठा में विघ्न निवारण हेतु पूजा की जाती है। अग्निपूर्वक शांति यज्ञ भी होते हैं। जल-होम प्रतिष्ठा में बताया है।

श्री नेमिचन्द्र प्रतिष्ठा तिलक के साथ श्री आशाधर प्रतिष्ठा सारोद्धार का भी इस प्रतिष्ठा मे उपयोग होता है। क्योंकि दोनों में क्रियाकांड संबंधी समानता है।

सहयोगी प्रतिष्ठाचार्यों के प्रति

आज से सात दशक पूर्व की सामाजिक स्थिति का जब हम अवलोकन करते हैं, उस समय धार्मिक क्रियाकाण्ड ब्राह्मण पंडितों के हाथ में था। दिगम्बर मुनिराज और विद्वानों के दर्शन दुर्लभ थे। परमपूज्य आचार्य शान्तिसागर जी, गुरुवर गोपालदासजी एवं पूज्य वर्णी गणेश-प्रसाद जी को यह श्रेय प्राप्त है कि वर्तमान में हमें अधिक संख्या में मुनिराज और प्रायः सभी विषयों के विद्वान उपलब्ध हो रहे हैं।

अपने सम्मानीय प्रतिष्ठाचार्यों से निवेदन करना चाहता हूँ—आपने पड़ौस से आए हिंसक क्रियाकाण्डों को अहिंसापूर्ण क्रियाओं मे परिवर्तित कर अपने साहसिक प्रयासों द्वारा पड़ौस को अहिंसक बनाया है। अपनी श्रमण संस्कृति के रक्षक का भार ग्रहण कर व्यवहार और निश्चय रत्नत्रय की आराधना के स्थल मन्दिर और मूर्तियो आदि की समृद्धि में अपना योगदान कर रहे हैं, एतदर्थ समस्त जैन समाज आपका कृतज्ञ है। क्योंकि आपके सहयोग से वह मिथ्या मार्ग में भटकने से बच रहा है। आशा है, आप अपने महत्वपूर्ण पद की गरिमा एवं पूज्यता का ख्याल कर अपने संस्कृत भाषा एवं आचार-विचार को प्रबृद्ध करते हुए उक्त सेवा कार्य में अर्थोपार्जन की मर्यादा को बनाये रखेंगे। क्योंकि हमसे पूर्व कतिपय ऐसे भी प्रतिष्ठाचार्य थे जिन्हें शुद्धोच्चारण तक नहीं आता था, न ही प्रतिष्ठा संबंधी ज्ञान था, पर "एरण्डोऽपिद्रुमायते" के अनुसार वे तत्कालीन समाज की धर्मांधता का लाभ उठा कर अश्रद्धा के पात्र बने थे। अब तो समाज प्रबुद्ध है। प्रतिष्ठा क्षेत्र मे, गृहस्थाचार्य गुरु के न होने से बहुत कम विद्वान् दिखलाई दे रहे हैं, उन्हें ब्र. शीतल-प्रसादजी के प्रतिष्ठा पाठ को गुरु न मानते हुए विधिवत् संस्कृत भाषा व प्रतिष्ठा विधि का प्रशिक्षण लेकर जनपद, जन और स्वयं के व परिवार के कल्याण का ध्यान रखना चाहिए। मूर्तियों में पूज्यता लाने की हमारी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। पहले प्रतिष्ठाचार्य प्रतिष्ठा संबंधी समस्त सामग्री अपने लिए ग्रहण कर लेते थे, समाज में जब असन्तोष बढ़ा तो झूला का द्रव्य, सुवर्ण प्याला, शलाका, आभूषण व मेवा-गादी-रजाई आदि बन्द हो गए, परन्तु कहीं-कहीं दहेज के समान मांग एवं बोलियों से आय कराने का प्रलोभन देना अभी भी विद्यमान है—इसे बन्द कर हमें भेंट की कुछ मर्यादा बना देना उचित होगा।

मण्डल विधान अष्टाह्निका में	७०० से १००० रु.
वेदी कलश ध्वजा प्रतिष्ठा में	१००० से ३००० रु.
पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में	५००० से ७००० रु. तक।

नोट :—सहायक प्रतिष्ठाचार्य भी इसके अनुरूप लेवें।

अशुद्धि-शुद्धिपत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धि	शुद्धि
१२	५	स्याद्वार	स्याद्वाद
१४	२२	उत्तरायण	उत्तराषाढ़ा
२३	११	२ हाथ और १ हाथ चौडी	२ हाथ की चौड़ी और १ हाथ
२९	५	जंघाबल	जंघानल
३५	७	मुपैति नमो	अपैति नमो
३६	२	प्रसत्य	प्रसत्यैं
३६	५	म्वीं ह्वीं	ह्वीं क्ष्वी
३९	१८ से २७	प्रतिहारी	प्रतिहार
४२	११	पद बंध	पट्ट बंध
४८	१६	स्वीम	स्वीय
५०	१०	म्च	श्व
६०	२८	षद	पद
६८	७	त्वले	चले
६८	१७	स्वरमेव	स्वयमेव
६३	२६	तस्प	तस्य
६४	१	घट	घटी
६५	१	निनस्य	जिनस्य
६८	७	धौर्यंतृ ृन्	धौर्यंधर्तृं न्
६९	२९	नमोऽस्तु	नमोऽस्तु तेभ्यः
८१	२९	शैल	शील
८५	८	वेदी प्रतिष्ठा	वेदी प्रतिष्ठा प्रारम्भ
९२	८	किवि	किंदि
१०६	१७	अष्टकदल	अष्टदल
१०६	१४	चैत्य भक्ति	वर्षेषु वर्षान्तर आदि

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्धि	शुद्धि
१०७	३,४	मुक्ताफल	मणिमुक्ताफल माला
१०७	८	वचनैरियामि	वचनैरिवाभि
१०८	२६	ददानतु	ददातु
१२१	१७	अशोकासुदलैर्ध्याक्षं	अशोक सुदलैर्ध्यार्प्ते
१२२	४	११ पाद	१—१ पाद
१२४	२४	मालो	नालो
१२५	१७	बोधनम्	बोधरूपम्
१६४	२२	महायज्ञाय	महाप्रज्ञाय
१६६	९	विश्वेसिला	विश्वेशिता
१७२	१६	पंचकल्याणकारोपण	अथवा अर्हद्भक्ति पाठ (यह आगे पढ़ें)
१७२	२२	सि.स:	मितां
१७२	२४	तन्वास	नत्वा स:
चित्र–४२		शंकन्यास मद्यावर्त साथिया	अंकन्यास नंद्यावर्त साथिया

८ ३ से ५ शुद्ध इस प्रकार पढ़ें—

मोक्षको प्राप्त न हुए आचार्यों आदि की जहां तक हो मूर्ति के स्थान में चरण पादुका बनावें तथा मोक्षगामी की मूर्ति, जो उपलब्ध हैं, वैसी व उनके चरणचिह्न बनावें ।

(२) पंच परमेष्ठी

(३) चोबीस महाराज

८५६९७४८१
अकृत्रिम जिन मंदिराः।
स्याद्वाद परमजिनागमः।
१२५५३२७१४८
अकृत्रिम जिन मूर्त्तयः।
निश्चय व्यवहार
रत्नत्रय स्वरूप जिन धर्मः।
९ वलय बनावें। सुंदर कोठे इसतरह—
(१) में १७ (२) में २४ (३) में (४) में २४ (५) में २०
(६) में ३६ (७) में २५ (८) में २८ (९) में ४८ कोनेमें ४
कुल २५०

(४) याग मण्डल

ह्रीं
ॐ
अ
सि
आ
उ
सा
साहूलोगुत्तमा
सिद्धा लोगुत्तमा
अरहंता लोगुत्तमा
केवलि पण्णत्तो धम्मोलोगुत्तमो
क्रौं

(५) विनायक यंत्र

(६)

(७) नन्द्यावर्त साथिया

(८) मातृ का यंत्र

अष्टदल कमल—(८१ कलश स्थापित करने हेतु मन्दिर एवं मानस्तम्भ शुद्धि हेतु)

(१) लघु सिद्ध चक्र यंत्र

श्री बृहत् सिद्धचक्र यंत्र।

(११) त्रैलोक्यमार यन्त्र

वर्द्धमान यंत्रं

गणधरवलय यन्त्र

बोधिसमाधियन्त्रं

(१५) मोक्षमार्ग यन्त्र

(१६) नयनोन्मीलन यन्त्र

(१७) निर्वाण सम्पत्तिकर यन्त्र

(१८)

(१९)

(२०)

(२१)

(२२)

(२३)

(२४)

(२५)

(२६)

(२७)

(२८)

(२९)

(३०)

(३१)

(३२)

(३३)

(३४)

(३५)

(३६)

(३७)

(३८)

(३९)

(४०)

(४१)

(४२) पूजायन्त्र रथयात्रा में

वर्त्तमान चौबीसी मंडल

(४३)

श्री वीर निर्वाण ग्रन्थ प्रकाशन समिति इन्दौर, मध्यप्रदेश

१.	मत ठुकराओ धर्म सिखाओ गले लगाओ—आ. विद्यानन्दजी	१—००
२.	सप्त व्यसन दुःखों का मूल स्रोत—आर्यिका स्याद्मती जी	१—००
३.	हम एक हैं; संस्कारवान बनें—आ. विद्यानन्दजी	१—००
४.	भगवान आदिनाथ एवं बाहुबली काव्य—सत्यनारायण जमधारी	५—००
५.	महावीराष्टक के अमर शिल्पी—पं. भागचन्दजी	५—००
६.	अन्तर्मन्थन—ब्र० कौशल	१०—००
७.	नैतिक शिक्षा सातवां भाग	३—५०
८.	पिच्छि-कमण्डलु (परिवर्द्धित-संस्करण)—एलाचार्य श्री विद्यानन्द मुनि	११—००
९.	निर्मल आत्मा ही समयसार—एलाचार्य श्री विद्यानन्द मुनि	४—००
१०.	जिन पूजा/जिन मन्दिर—एलाचार्य श्री विद्यानन्द मुनि	३—००
११.	विद्यानन्द वचनामृत (पॉकिट-साइज, भाग १, २ (प्रत्येक)—सम्पा. डॉ. नेमीचन्द जैन	१—००
१२.	अहिंसा : विश्वधर्म—एलाचार्य श्री विद्यानन्द मुनि	१—००
१३.	सप्त व्यसन—एलाचार्य श्री विद्यानन्द मुनि	१—००
१४.	विद्यानन्द तिथि दर्शन एवं समय का मूल्य—एलाचार्य श्री विद्यानन्द मुनि	१—००
१५.	सत्य की खोज—एलाचार्य श्री विद्यानन्द मुनि	१—००
१६	सन्मति सूत्र—आचार्य सिद्धसेन	१५—००
१७.	सद्गुरु वाणी (अन्तिम प्रवचन)—आचार्य शान्तिसागर	१—००
१८.	समयसार (गुटका साइज)—आचार्य कुन्दकुन्द	५—००
१९.	रयणसार (गुटका साइज)—आचार्य कुन्दकुन्द	३—००
२०.	श्रावकाचार की सहज कथाएँ—सुरेश सरल	५—००
२१.	चित्तौड़-दर्शन—नीरज जैन	५—००
२२.	नैतिक शिक्षा (भाग १, २, ३, ४, ५, ६ प्रत्येक—पं० नाथूलाल शास्त्री	२—५०
२३.	ब्राह्मी : विश्व की मूल लिपि—डॉ. प्रेमसागर जैन	
	साधारण संस्करण	१०—००
	राज-संस्करण	३०—००

हमारा महावीर साहित्य

२४. अनुत्तर योगी : तीर्थंकर महावीर—वीरेन्द्र कुमार जैन ४—००
चतुर्थ खण्ड : अनन्त पुरुष की जय यात्रा; पृष्ठ ३८४

२५. भगवान महावीर (काव्य)—वीरेन्द्र कुमार जैन ०—५०

२६. तीर्थंकर महावीर (महाकाव्य)—डॉ० छैलबिहारी गुप्त ३०—००

२७. महावीर जीवन : जीवन में ?—स्व० माणकचन्द कटारिया १०—००

२८. वैशाली के राजकुमार तीर्थंकर—वर्द्धमान महावीर (तृतीय संस्करण)
डॉ० नेमीचन्द जैन ४—००

(डाक-व्यय अतिरिक्त)